




RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र

# अमिट रेखा

वर्ष 05 | अंक 218 | कुशीनगर | बुधवार 09 जून, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रुपये


# पूरा उत्तर प्रदेश हुआ अनलॉक

## अब रहेगी सिर्फ नाइट कर्फ्यू की बंदिश

### ये रहेगी छूट

सभी बाजार सुबह सात से शाम सात बजे तक खुलेंगे, सप्ताह में शनिवार और रविवार को बाजार बंद रहेंगे।कोरोना अभियान से जुड़े फ्रंटलाइन सरकारी विभागों में पूरी उपस्थिति रहेगी। शेष सरकारी दफ्तरों में 50 फीसदी कर्मी रहेंगे। उन सभी को रेटोशन से बुलाया जाएगा, –प्रत्येक निजी कंपनी में कोविड हेल्प डेस्क बनाई जाएगी।

### इन पर पाबंदी

स्कूल, कॉलेज तथा शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। हालांकि माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग प्रशासनिक कार्य के लिए खुले रहेंगे,रेस्टोरेंट बंद रहेंगे, लेकिन होम डिलीवरी चालू रहेगी, कोचिंग संस्थान, सिनेमा हॉल, जिम, स्वीमिंग पूल, क्लब और शॉपिंग मॉल बंद रहेंगे।



लखनऊ,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में लखनऊ, मेरठ, गोरखपुर समेत सभी जिले अनलॉक हो गए। सिर्फ 7 बजे शाम से 7 बजे सुबह तक नाइट कर्फ्यू जारी रहेगा। इन सभी जिलों में सक्रिय केस 600 से कम हो गए हैं। बीते 24 घंटे में प्रदेश में कोरोना के 797 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 2.85 लाख नमूनों की जांच की गई। रिकवरी रेट 97. 1 फीसदी है। पॉजिटिविटी रेट 0.2 फीसदी है। प्रदेश में मंगलवार सुबह तक कुल सक्रिय मामले 14000 रह गए हैं। इनमें से 9,286 होम आइसोलेशन में हैं। सीएम योगी ने आगाह किया कि वायरस कमजोर पड़ा है, समाप्त नहीं हुआ। थोड़ी सी लापरवाही बहुत भारी पड़ सकती है। कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। बिना मास्क के बाहर न निकलें और सामाजिक दूरी का पालन करें। जून में एक करोड़ टीकाकरण का लक्ष्य इससे पहले सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश की विशाल आबादी को देखते हुए हमें कोविड वैक्सीनेशन को और तेज करना होगा। जिलेवार रणनीति बनाई जाए। वैक्सीन का अभाव नहीं है। भारत सरकार के सहयोग से कई नए वैक्सीन विकल्प भी जल्द ही उपलब्ध होंगे। जून में एक करोड़ टीकाकरण का लक्ष्य है। जुलाई में इस लक्ष्य को तीन गुना तक विस्तार दिया जाना चाहिए। इसके लिए एक लाख अतिरिक्त वैक्सीनेटर तैयार किए जाएं। नर्सिंग के विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करें, अन्य विकल्प भी तलाशें। अब तक 2 करोड़ प्रदेशवासियों ने टीका–कवर प्राप्त कर लिया है। 1,66,27,059 लोगों ने पहली डोज और 36,27,433 लोगों ने दूसरी डोज दी जा चुकी है। 18 से 44 आयु वर्ग के 30 लाख युवाओं को वैक्सीनेट किया जा चुका है। ये रहेगी छूट सभी बाजार सुबह सात से शाम सात बजे तक खुलेंगे, सप्ताह में शनिवार और रविवार को बाजार बंद रहेंगे। कोरोना अभियान से जुड़े फ्रंटलाइन सरकारी विभागों में पूरी उपस्थिति रहेगी। शेष सरकारी दफ्तरों में 50 फीसदी कर्मी रहेंगे। उन सभी को रेटोशन से बुलाया जाएगा, –प्रत्येक निजी कंपनी में कोविड हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। औद्योगिक संस्थान खुले रहेंगे। इन संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी अपना पहचान पत्र या इकाई के प्रमाण पत्र के आधार पर आने और जाने की अनुमति रहेगी। प्रत्येक इकाई में कोविड हेल्प डेस्क बनेगी। सब्जी मंडी पूरी तरह खुलेंगी। घनी आबादी में स्थित सब्जी मंडी को प्रशासन खुले स्थान पर संचालित कराएगा। रेलवे स्टेशन एवं रोडवेज बस में दो गज की दूरी और मास्क है जरूरी की अनिवार्यता रहेगी। इसी के साथ स्क्रीनिंग और एंटीजन टेस्टिंग की जाएगी। कोरोना के मरीज पाए जाने पर अस्तपाल भेजा जाएगा। बैंक, बीमा कंपनी, भुगतान प्रणाली और अन्य दफ्तर खुले रहेंगे। एक्सप्रेसवे और हाईवे किनारे ढाबे खुलेंगे। –रेहड़ी पटरी, ठेली खोमचे आदि खुलेंगे। ट्रांसपोर्ट कंपनी के कार्यलय,लॉजिस्टिक कंपनी के दफ्तर, वेयर हाउस खुलेंगे। कंटेनमेंट जोन छोड़कर शेष स्थानों में धार्मिक स्थलों के अंदर एक बार में एक स्थान पर पांच लोग ही जा सकेंगे। जनपद के अंदर बसों का संचालन किया जाएगा। यात्रियों के लिए मास्क लगाना जरूरी किया गया है। सभी यात्रियों की जांच कराई जाएगी।ऑटो और ई–रिक्शा में तीन और चार पहिया वाहन में चार लोग बैठ सकेंगे। अंडे, मांस और मछली की दुकाने पर्याप्त सफाई के साथ खुलेंगी। जनपद में गेहूं क्रय केंद्र और राशन की दुकानें खुलेंगी। उद्यान विभाग की नर्सरी खुलेंगी। राजस्व और चकबंदी कोर्ट कोविड–19 के प्रोटोकॉल के तहत खुलेंगे। सरकारी और निजी निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इन पर पाबंदी स्कूल, कॉलेज तथा शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। हालांकि माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग प्रशासनिक कार्य के लिए खुले रहेंगे,रेस्टोरेंट बंद रहेंगे, लेकिन होम डिलीवरी चालू रहेगी, कोचिंग संस्थान, सिनेमा हॉल, जिम, स्वीमिंग पूल, क्लब और शॉपिंग मॉल बंद रहेंगे।



**यूपी के कानपुर समेत आसपास के शहरों में मंगलवार को कहीं आसमान में बादल छाए हैं, कहीं बारिश हुई तो कहीं तेज धूप निकली हुई है। कानपुर में 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचे तापमान से बढ़ी गर्मी और उमस से बने बादलों ने मंगलवार सुबह जमकर बारिश कराई। जिससे लोगों को गर्मी और उमस से काफी राहत मिली।**

### आगरा के अस्पताल में 22 मरीजों की मौत पर बोले राहुल

# जिम्मेदार लोगों पर हो कार्रवाई

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आगरा के एक निजी अस्पताल में कुछ हफ्ते पहले ऑक्सीजन की मॉक ड्रिल के दौरान एक साथ 22 मरीजों की मौत होने संबंधी खबर को लेकर मंगलवर को उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इस खतरनाक अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने जिस खबर का हवाला दिया उसमें कथित वीडियो के आधार पर कहा गया है कि 26 अप्रैल को ऑक्सीजन की मॉक ड्रिल के दौरान 22 मरीजों की मौत हो गई थी। कांग्रेस नेता ने ट्वीट किया, ''भाजपा शासन



में ऑक्सीजन व मानवता दोनों की भारी कमी है। इस खघ्तरनाक अपराध के जिम्मेदार सभी लोगों के खघ्लिाफ तुरंत कार्यवाही होनी चाहिए। दुख की इस घड़ी में मृतकों के परिवारजनों को मेरी संवेदनाएं।'' कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने इस खबर के संदर्भ में ट्वीट किया, ''प्रधानमंत्री कहते हैं कि मैंने ऑक्सीजन की कमी नहीं होने दी। मुख्यमंत्री कहते हैं कि ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं और कमी की अफवाह फैलाने वालों की संपत्ति जब्त होगी। मंत्री कहते हैं कि मरीजों को जरूरत भर ऑक्सीजन दें, ज्यादा न दें। जबकि आगरा अस्पताल में ऑक्सीजन खत्म थी। 22 मरीजों की ऑक्सीजन बंद करके मॉकड्रिल की गई।

# सुनील शेट्टी ने शुरू की नई पहल दवा भी दुआ भी

मुंबई,(एजेंसी)। बॉलीवुड के माचो मैन सुनील शेट्टी ने कोरोना संकट के समय ने एक नई पहल दवा भी दुआ भी शुरू की है जिसके तहत जरूरतमंद मरीजों तक मुफ्त में सही दवाइयां पहुंचेंगी। बॉलीवुड के कई स्टार्स कोरोना संकट के समय लगातार जरूरतमंद लोगों की मदद में लगे हुए हैं। सुनील शेट्टी ने जरूरतमंद लोगों के लिए नई पहल शुरू की है। सुनील की नई पहल का नाम दवा भी दुआ भी है। जिसके द्वारा जरूरतमंद लोगों तक सही दवाइयां पहुंचेगी। सुनील शेट्टी ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर अपनी नई पहल दवा भी दुआ भी के बारे में लोगों को बताया है। वीडियो में सुनील शेट्टी ने कहा, एक कम्युनिटी से बड़ी कोई ताकत नहीं है, बदलाव लाने की जो खोज रही है कि उसे क्या चाहिए। मैं दवा भी दुआ भी का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं, यह एक पहल है जो बीडीआर फार्मा और मेरी टीम एफटीसी टैलेंट ने शुरू की है।



# पीएम संग उद्धव ठाकरे की मुलाकात, कोरोना, मराठा आरक्षण समेत कई मसलों पर हुई बात

मुम्बई,(एजेंसी)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। सीएम उद्धव के साथ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और अशोक चव्हाण भी रहे। जिसके बाद सीएम उद्धव ठाकरे ने प्रेस कॉनफ्रेंस करते हुए पीएम संग किन–किन मुद्दों पर चर्चा हुई उसकी जानकारी दी। उद्धव ठाकरे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सारे मुद्दों पर गंभीरता के साथ सुना। पीएम से सकारात्मक माहौल में बात हुई। उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों पर हमने प्रधानमंत्री से चर्चा की है उन्हें मैं पढ़ कर बताता हूं। उद्धव



ठाकरे ने कहा कि सबसे पहला मुद्दा मराठा आरक्षण का था। इसके साथ ही मेट्रो कारशेड के लिए जमीन के मुद्दे पर बात हुई। फसल बीमा को लेकर भी पीएम से बात हुई। जीएसटी को लेकर हमारा जो हिस्सा है वो सम–समय पर हमें मिलता रहे।इसके अलावा मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा मिले। इस बारे में कुछ पत्र भी हमने पीएम के पास दिए हुए हैं। पिछले साल हुई थी मुलाकात उद्धव ठाकरे की पीएम मोदी से यह मुलाकात भले ही राज्य के मुद्दों को लेकर हो लेकिन इसके सियासी मायने तो निकाले ही जाएंगे। पिछले दिनों जिस प्रकार विपक्षी दल के नेता एकजुट हुए और प्रधानमंत्री के खिलाफ हमला बोला उसके बाद यह मुलाकात काफी अहम है। पिछले साल फरवरी महीने में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उनके साथ बेटे आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। इस मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने कहा था कि सीएए से किसी को डरने की जरूरत नहीं है और एनपीआर से किसी को भी देश से बाहर निकाला नहीं जाएगा।

# सरकार ने कोविड से मौत के आंकड़ों को दुष्प्रचार का साधन बनाया: प्रियंका गांधी

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने कोविड–19 महामारी से मौत के आंकड़ों को, घातक कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने का साधन बनाने के बजाय दुष्प्रचार का साधन बना दिया। उन्होंने सरकार से प्रश्न पूछने की अपनी श्रृंखला के तहत वीडियो जारी कर यह दावा भी किया किमहामारी की वजह से मरने वालों के आधिकारिक आंकड़ों तथा विभिन्न शहरों में श्मशानों और कब्रिस्तानों में हुए अंतिम संस्कार की संख्या में बहुत अंतर है।



# भक्तों के लिए 53 दिन बाद खुला बाबा विश्वनाथ का दरबार

वाराणसी,(एजेंसी)। भोले भंडारी की नगरी काशी में भक्तों के दर्शन हेतु आज सुबह से ही बाबा विश्वनाथ मंदिर का कपाट आम भक्तों के लिए खुल गया। मंदिर का दरबार खुलने के साथ ही शिवभक्त अपने आराध्य के दर्शन पाने को मंदिर पहुंच गए। भोले–बम–बम, हर–हर महादेव के उद्घोष के साथ भक्त मंदिर प्रबंधन द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइंस का पालन करते हुए बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। वहीं अब भक्त बिना कोविड–19 आरटीपीसीआर रिपोर्ट के बाबा के दर्शन कर सकते हैं। कोरोना की दूसरी लहर जब पीक पर थी, जिसके चलते बीती 15 अप्रैल के बाद मंदिर में भक्तों के प्रवेश को रोक लगा दिया गया था। मंगलवार सुबह से ही बाबा विश्वनाथ के मंदिर पर अपनी मुराद पूरी करने की अभिलाषा लिए भक्त मंदिर पहुंच गए। मंदिर प्रबंधन समिति ने कोरोना गाइड लाइन के मुताबिक श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश दिया। मंदिर में प्रवेश करने वाले भक्तों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए गोल घेरे के अन्दर खड़ा किया गया है, उनके हाथों का सैनिटाइज टाइज करते हुए उनके बॉडी तापमान भी मापा जा रहा है। बिना मास्क लगाये मंदिर में प्रवेश नही मिलेगा, वही एक समय में 5 भक्त ही मंदिर में प्रवेश पा सकेंगे। भक्त मंदिर की दीवार या किसी भी मूर्ति या किसी वस्तु को छूने पर रोक लगाई हुई है, श्रृद्धालु दर्शन के लिए बनाए गए नियमों का पालन करते हुए बाबा को दूर से ही जल चढ़ा सकते हैं।

# अब कोवैक्सीन लगवाने वाले भी जा सकेंगे विदेश

नई दिल्ली,(एजेंसी)। भारत में कोरोना की दूसरी लहर की शुरुआत के साथ ही प्रसार को रोकने के लिए कई देश ने भारत से आने वाले विमानों पर प्रतिबंध लगा दिया था। यह प्रतिबंध लगाने वाले मुल्कों में कनाडा, ब्रिटेन, सऊदी अरब, न्यूजीलैंड जैसे कई देश शामिल हैं, लेकिन अब विदेश में ट्रैवल करने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब कोवैक्सीन टीका लेने वालों के लिए जुलाई–सितंबर तक विदेश जाने का रास्ता खुल सकता है। दरअसल कोवैक्सीन निर्माता कंपनी ने आपात इस्तेमाल के लिस्ट में कोवैक्सीन को शामिल करने के लिए डब्ल्यूएचओ जिनेवा को आवेदन दिया है। इस आवेदन के साथ ही उम्मीद की जा रही है कि जुलाई–सितंबर 2021 तक कोवैक्सीन टीका लगवाने वालों को विदेश जाने की अनुमति मिल सकती है। मिली जानकारी के अनुसार कोवैक्सीन को आपात इस्तेमाल लिस्ट में शामिल करने की स्वीकृति के लिए अमेरिका, ब्राजील, हंगरी समेत 60 देशों में प्रक्रिया चल रही है।

# रक्षा सुधार आने वाले समय में भारत को वैश्विक महाशक्ति बनाएंगे: राजनाथ

नई दिल्ली,(एजेंसी)। रक्षा क्षेत्र में सुधारों पर भरोसा जताते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ये सुधार आने वाले समय में भारत को वैश्विक महाशक्ति बनाएंगे। एक ई–बुकलेट के विमोचन के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह पुस्तिका रक्षा क्षेत्र को मजबूत और अधिक कुशल बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के संकल्प का प्रतिबिंब है। ई–बुकलेट, जिसका शीर्षक 20 रिफॉर्म्स इन 2020 है, मंत्रालय द्वारा नीतिगत बदलाव, नवाचार और डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से सशस्त्र बलों के अधिक सामंजस्य और आधुनिकीकरण के लिए वर्ष में किए गए रक्षा सुधारों का एक संक्षिप्त अवलोकन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह ई–बुकलेट नीति परिवर्तन, नवाचार और डिजिटलीकरण के माध्यम से सशस्त्र बलों में आधुनिकीकरण लाने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा साल 2020 में किए गए सुधारों का एक संक्षिप्त अवलोकन है। राजनाथ सिंह ने भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की नियुक्ति और सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) के निर्माण का उल्लेख सरकार द्वारा लिए गए प्रमुख फैसलों में से एक के रूप में किया। सीडीएस का पद सशस्त्र बलों के बीच दक्षता और समन्वय बढ़ाने और दोहराव को कम करने के लिए बनाया गया है, जबकि बेहतर नागरिक–सैन्य एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए डीएमए की स्थापना की गई है। बयान में यह भी कहा गया कि नई प्रौद्योगिकी के विकास की दिशा में यह एक अभूतपूर्व प्रयास है। इसके अलावा कहा गया कि निजी क्षेत्र के साथ बढ़ी हुई साझेदारी से रक्षा निर्यात में पर्याप्त वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि युवाओं द्वारा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए है।

# पीएम आवास की शिकायत पर डीएम गंभीर

मैनपुरी। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के सम्मुख आजाद नगर निवासी मिथलेश कुमारी, धारऊ निवासी सत्यवती, विनीता ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि वह बेहद गरीब परिवार से हैं और वर्तमान में कच्चे मकानों में निवास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन किया लेकिन जांच के दौरान अनाधिकृत धनराशि की मांग की गयी, धनराशि न देने के कारण अभी तक उन्हें योजना का लाभ नहीं मिला है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुये उन्होंने तत्काल परियोजना अधिकारी डूडा को मौके पर बुलाकर शिकायत की जांच करने के निर्देशित देते हुये कहा कि यदि शिकायतकर्ता पात्र हैं तो तत्काल इन्हें पात्रता सूची में शामिल कर आवास योजना में लाभान्वित कराया जाये, जांच के दौरान अवैध धनराशि मांगने वालों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक आवासहीन पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, ग्रामीण का लाभ उपलब्धा कराकर पक्का आवाज मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, ग्रामीण का लाभ पाने से यदि कोई पात्र व्यक्ति वंचित है, उसका नाम आवास योजना की पात्रता सूची में शामिल नहीं है तो वह अपने संबंधित खंड विकास अधिकारी से संपर्क कर संज्ञान में लाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की दशा में परियोजना निदेशक डीआरडीए, मुख्य विकास अधिकारी को बताएं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी हेतु परियोजना अधिकारी डूडा, अपर जिलाधिकारी से संपर्क करें, पात्रों को प्रत्येक दशा में आवास योजना का लाभ मुहैया कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शहरी क्षेत्र के लोग प्रधानमंत्री आवास योजना आवास योजना का लाभ पाने के लिए परियोजना अधिकारी डूडा के मो.नं. 7818882484 पर, उनके कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 11 बजे से 01 बजे के मध्य संपर्क करें। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ पाने हेतु अपने सम्बन्धित खंड विकास अधिकारी से सम्पर्क करें यदि समस्या का समाधान न हो तो परियोजना निदेशक डीआरडीए के मो.नं. 9454464507 पर संपर्क करें। उन्होने कहा कि यदि फिर भी पात्र होने के बावजूद आवास योजना का लाभ न मिले तो किसी भी कार्य दिवस में कलेक्ट्रेट आकर उनके समक्ष अपनी शिकायत प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी के द्वारा योजना का लाभ दिलाने के नाम पर अनाधिकृत रूप से धनराशि की मांग की जाये तो संज्ञान में लायें, बिचौलियों के चक्कर में न पड़ें यदि पात्र होंगे तो आवास योजना का लाभ प्रत्येक दशा में मिलेगा। डीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत जनपद की नगर निकायों में लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत नये आवास निर्माण, निर्माण विस्तार हेतु पात्र लाभार्थियों को तीन किश्तों में कुल 2.50 लाख की धनराशि शासन द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है, प्रथम किश्त रू. 50 हजार, द्वितीय किश्त रू. 01 लाख, 50 हजार एवं तृतीय किश्त रू. 50 हजार के रूप में धनराशि लाभार्थियों के खातों हस्तान्तरित की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद में स्वीकृत लाभार्थियों में से 11802 लाभार्थियों की जियोटैग कराकर 9405 लाभार्थियों को प्रथम किश्त, 8224 लाभाथियों को द्वितीय किश्त तथा 4706 लाभार्थियों को तृतीय किश्त की धनराशि खातों मं हस्तान्तरित करायी जा चुकी है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी हेतु कोई पात्र लाभार्थी अभी भी छूट गया हो तो वह अपना आवेदन सम्बन्धित नगर निकाय अथवा जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा में निर्धारित प्रारूप पर तत्काल जमा कर दें, आवेदन के साथ आधारकार्ड, बैंक खाता संख्या की फोटोप्रति तथा जमीन सम्बन्धी दस्तावेज संलग्न करने होगें। योजना के बारे में अधिक जानकारी शहरी क्षेत्र के लाभार्थी परियोजना अधिकारी डूडा कार्यालय से सम्पर्क कर एवं ग्रामीण क्षेत्र के व्यक्ति सम्बन्धित खंड विकास अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। जिलाधिकारी के सम्मुख जनता दर्शन के दौरान सुनीता ने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उसे आवेदन के उपरांत भी अभी तक राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का नहीं मिला है, इस पर उन्होने तत्काल जिला समाज कल्याण अधिकारी से मोबाइल पर वार्ता कर स्थिति की जानकारी की, समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है, प्रार्थी के खाते में आगामी 03–04 दिन में धनराशि हस्तान्तरित कर दी जायेगी। उन्होने शिकायतकर्ता से कहा कि यदि 14 जून तक खाते में धनराशि न पहुंचे तो पुनः आकर संज्ञान में लायें। उन्होंने कहा कि सचिव, लेखापाल शासन की जनकल्याणकारी योनजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता पर रिपोर्ट लगायें, कोई पात्र व्यक्ति योजना का लाभ पाने से वंचित न रहें यदि किसी सरकारी कर्मी की लापरवाही के कारण कोई पात्र व्यक्ति योजना का लाभ पाने से वंचित रहा।

## पात्र करें सामूहिक विवाह के लिए आवेदन

मैनपुरी। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमंदों, निराश्रितों, निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिलाओं के विवाह हेतु शादी अनुदान योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए वित्तीय वर्ष 2020–21 में 265 पुत्रियों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया, जिसमें 132.92 लाख की धनराशि व्यय की गयी वित्तीय वर्ष 2021–22 में 51 लाख का आवंटन प्राप्त हुआ है जिससे 100 जोडों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जाना है, सामूहिक विवाह आयोजन की तिथि निकट भविष्य में निश्चित की जायेगी। उन्होंने बताया कि मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह में आवेदन करने हेतु वर व कन्या की उम्र क्रमशः 21 एवं 18 वर्ष होनी चाहिये, निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो स्वंय दिव्यांग हो, विधवा, परित्यक्तता, तलाकशुदा पुनर्विवाह को वरीयता दी जायेगी। आवेदन पत्र के साथ शौक्षिक, जन्म, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जाब कार्ड, आधार कार्ड, जाति एवं आया प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह के आवेदन हेतु पात्र व्यक्ति शीघ्र ग्रामीण क्षेत्र में सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, एवं शहरी क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी में सम्पर्क कर आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह में सम्मिलित होने वाली कन्याओं, विवाह करने वाले लडकों को संयुक्त रूप से पंजीकरण हेतु निर्धारित प्रारूप पर समस्त संलग्नकों सहित आफलाईन आवेदन विवाह हेतु निर्धारित तिथि से 45 दिन पूर्व जमा करना होगा। सामूहिक विवाह में सम्मिलित होने वाले जोडों को वैवाहिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु प्रति जोडा 06 हजार, एवं वर–वधु को दी जाने वाली सामग्री हेतु 10 हजार, तथा कन्या के खाते में 35 हजार की धनराशि दिये जाने का प्राविधान है।



## पंचायत चुनाव के विनर्स सहित सभी प्रत्याशियों से डीएम ने की वैक्सीनेशन कराने की अपील

बहराइच। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के सभी विजेता तथा हारे हुए प्रत्याशियों से वैक्सीनेशन कराये जाने की अपील की है। कोविड संक्रमण से बचाव का एक मात्र विकल्प टीकाकरण के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने पंचायत सामान्य निर्वाचन के सभी विजेता व हारे हुए प्रत्याशियों से अपील की है कि स्वयं टीकाकरण कराएं तथा अपने–अपने समर्थकों व आमजनमानस को भी टीकाकरण के लिए प्रेरित कर जनपद में संचालित टीकाकरण अभियान को सफल बनाये जाने में सहयोग प्रदान करें।

## पुराना महिला चिकित्सालय का डीएम ने किया निरीक्षण

बहराइच। जनपद में संचालित टीकाकरण अभियान का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय के पुराना महिला चिकित्सालय में संचालित वैक्सीनेशन सेन्टर का निरीक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहॉ पर उन्होंने पंजीकरण काउण्टर, टीकाकरण बूथ पर की गयी व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए निर्देश दिया कि ओपीडी में आने वाले मरीजों का वैक्सीनेशन कराने के उपरान्त उन्हें चिकित्सकीय सुविधा प्रदान की जाय। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश मोहन श्रीवास्तव, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. अनिल के. साहनी, सीएमएस डॉ. ओ.पी. पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

## तहसील व सी.एच.सी. महसी का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

बहराइच। जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र ने तहसील महसी क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महसी व तहसील महसी का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महसी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने चिकित्सालय की साफ–सफाई, कोल्ड चेन व्यवस्था तथा वैक्सीनेशन कक्ष का अवलोकन किया। वैक्सीनेशन कक्ष के निरीक्षण के दौरान डॉ. चन्द्र ने राजी चौराहा निवासी अरविन्द सिंह का अपने समक्ष टीकाकरण कराया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण पाण्डेय को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन करायें। इसी प्रकार तहसील भवन महसी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी व तहसीलदार कोर्ट, विभिन्न पटलों एवं कक्षों का निरीक्षण कर भवन की साथ–साथ तथा अभिलेखों के रख–रखाव के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने एसडीएम एस.एन. त्रिपाठी को निर्देश दिया कि ग्रामों का कलस्टर बनवाकर टीकाकरण कराया जाय तथा ग्राम स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के माध्यम से टीकाकरण्ध सत्र का व्यापक प्रचार–प्रसार भी करायें।

## कलस्टर बनाकर शत प्रतिशत टीकाकरण कराया जाय – डा. दिनेश चन्द्र

बहराइच। सोमवार को देर शाम सीएमओ कार्यालय में कोविड संक्रमण के रोकथाम से सम्बन्धित गतिविधियों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र ने सीएमओ को निर्देश दिया कि जनपद में शत प्रतिशत लक्षित वर्ग का टीकाकरण सुनिश्चित करायें। उन्होनें निर्देश दिया कि कलस्टर बनाकर शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करायें। एक कलस्टर में शत प्रतिशत टीकाकरण होने के पश्चात् दूसरे कलस्टर में टीकाकरण सत्र संचालित किया जाय। उन्होनें यह भी निर्देश दिया कि कलस्टर में टीकाकरण सत्र का ग्राम स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार करायें। इसके अलावा मुनादी के माध्यम से भी टीकाकरण सत्र का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाय। इस अवसर पर सीडीओ कविता मीना, सीएमओ डा. राजेश मोहन श्रीवास्तव, सीएमएस डा. ओ.पी. पाण्डेय, प्रतिरक्षण अधिकारी डा. वी.पी. वर्मा, एसीएमओ डा. जयन्त कुमार, डा. अजीत चन्द्रा, व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## आईटीआई के प्रशिक्षणार्थी उपलब्ध कराये वांछित सूचना

बहराइच। प्रधानाचार्य आईटीआई प्रदीप अग्निहोत्री ने बताया कि जनपद में संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 18 वर्ष से कम आयु के प्रशिक्षणार्थी जो कोविड–19 संक्रमण के कारण अनाथ हो गये है वे जिनके माता–पिता की मृत्यु कोविड–19 के संक्रमण के कारण हो गयी हो तथा उनकी आय प्रतिवर्ष दो लाख रूपये से अधिक न हो। ऐसे प्रशिक्षार्थी सम्बन्धित सूचना अपने–अपने व्यवसाय अनुदेशकों को ई–मेल अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से 09 जून 2021 तक कार्यालय में सीधे उपलब्ध करा दें जिससे अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

## एसबीआई बैंक के पास से बाइक हुई चोरी, पुलिस छानबीन में जुटी

हमीरपुर।जिले मे बाइक चोरी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस की सुस्ती के चलते बाइक चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं! घर,दुकान,बैंक के बाहर खड़ी बाइक सुरक्षित नहीं है! बाइक चोर दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं!

## टीकाकरण अभियान के सफल संचालन हेतु डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक

बहराइच। कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी चिकित्साधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिया कि टीकाकरण अभियान के सफल संचालन हेतु ब्लाकवार उप जिलाधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी व अन्य सम्बन्धित का व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर सूचनाओं का त्वरित आदान–प्रदान किया जाये ताकि किसी प्रकार की संवादहीनता की स्थिति से टीकाकरण का कार्य प्रभावित न होने पाये। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि वैक्सीनेशन के लिए आवश्यकतानुसार टीमों की संख्या में इजाफा किया जाय। टीकाकरण तथा आयुष्मान योजना के गोल्डेन कार्ड निर्गत कराये जाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को चिन्हित कर प्रशस्ति–पत्र प्रदान किया जाय। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया कि जनपद में टीकाकरण के लिए वैक्सीन की उपलब्धता बनी रहे, इसके लिए समय से टीके की मॉग की जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सौरभ गंगवार आईएएस, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश मोहन श्रीवास्तव, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. वी.पी. वर्मा, एसीएमओ डॉ. जयन्त कुमार, डॉ. अजीत चन्द्रा, प्रभारी चिकित्साधिकारीगण, यूनीसेफ के प्रतिनिधि सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।



## दो माह पूर्व चोरी का खुलासा न करने से दुखी पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाई

हमीरपुर। कस्बा व कोतवाली राठ में दो माह पहले लाखों रुपए के कीमती जेबरातो की चोरी का मुकामी पुलिस व्दारा अभी तक खुलासा न होने से दुखी पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर चोरी कादो सप्ताह के अंदर अनावरण न होने पर आंदोलन करने की घोषणा की है। इस संबंध में पीड़ित चन्द्र पाल कौशल ने शिकायती पत्र पुलिस अधीक्षक को देकर आरोप लगाया है कि विगत ३०मार्च २०२१को उसके मकान में अज्ञात चोरों ने घुसकर अलमारी का ताला तोड कर करीबन आठ लाख रुपए के कीमती जेबरातो को चुरा लिये थे। जिसकी प्राथमिकी राठ कोतवाली में दर्ज कराई गई है।इस घटना की विवेचना उपनिरीक्षक यज्ञनारायण भार्गव व्दारा की जा रही है। लेकिन अभी तक चोरी का अनावरण न होने से विवेचना अधिकारी की कार्यशैली उसके गले नहीं उतर रही है। पीडित ने आरोप लगाया है कि विवेचना अधिकारी को चोरी की घटना में शामिल एक महिला समेत कुछ लोगों पर संदेह होने की सूचना दी। लेकिन उपनिरीक्षक यज्ञनारायण भार्गव व्दारा अभी तक संदिग्ध लोगों के खिलाफ कार्रवाई नही की जा रही है। जिससे विवेचना अधिकारी की कार्यशैली संदिग्ध महसूस हो रही है। पीड़ित ने कहा कि पुलिस की संदिग्ध कार्यशैली को लेकर वह व परिवार वालें मानसिक तनाव से ग्रसित होने को मजबूर हो रहे हैं। पीड़ित ने चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी चोरी का एक पखवाड़े तक अनावरण न होने पर वह जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में आंदोलन करने को मजबूर होगा। पीड़ित ने एसपी से मांग की है कि उसके मकान से चोरी गये जेबरातो की बरामदगी कराने व संदिग्ध भूमिका निभाने वाले उपनिरीक्षक यज्ञनारायण भार्गव की कार्यशैली की जांच करने हेतु उचित कार्यवाही कर उसे न्याय दिलाया जाये।



## संक्षिप्त समाचार

### खाकी बनी खनन की सौदागर, वायरल हुआ ऑडियो

हमीरपुर। सुमेरपुर थाना क्षेत्र में बिदोखर–पाटनपुर मार्ग पर बिना रॉयल्टी बालू लोडिंग ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़कर छोड़ा दिया। बताया जाता है कि इंगोहटा चौकी में तैनात दो कांस्टेबलो ने मौके में पहुँचकर ट्रैक्टरो को पकड़ा।, विदोखर छानी मार्ग में बालू लदे ट्रैक्टरों को पुलिस ने पकड़ा था। इसके कुछ ही देर बाद ट्रैक्टरों को छोड़ा गया। जिसका वायरल आडियो में चौकी पुलिस द्वारा हो रहा है बालू लदे ट्रेक्टर पकड़ने का जिक्र है।, बालू लदे ट्रैक्टर पकड़कर कुछ ही देर में छोड़ने पर खड़े हुए इंगोहटा चौकी पुलिस पर सवालिया निशान, आखिर कार किसके आशीर्वाद से क्षेत्र में फलफूल रहा है ।बालू का अवैध खनन,। जनपद के पुलिस अधीक्षक से अपेक्षा है कि वे खाकी को बदनाम करने वाले इन पुलिसकर्मियों पर क्या कार्यवाही करें।

### कुएं में शव मामले में पुलिस के हाथ खाली

बांदा, (यूएनएस)। कोतवाली नगर क्षेत्र के मवई गांव स्थित कुएं में मिले शव के सिर की तलाश पांचवें दिन मंगलवार को भी की गई। पुलिस ने जेट पंप लगाकर कुआं खाली कराने का प्रयास किया, लेकिन पानी ज्यादा होने से पुलिस को सफलता नहीं मिली। उधर, पांच दिन बीत गए और युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। सीओ सिटी राकेश कुमार ने बताया कि पालिका ठेकेदार की मदद से कुआं खाली कराने का प्रयास किया गया,लेकिन पानी अधिक होने से सफलता नहीं मिल सकी। पूरी तरह पानी खाली होने पर सिर ढूंढने में आसानी होगी। इंस्पेक्टर भास्कर मिश्र ने बताया कि शिनाख्त के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही है। उधर, गैर जिलों में गुमशुदा का ब्योरा जुटाने गईं पुलिस की चार टीमों को भी अब तक कोई सफलता हासिल नहीं हुई। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम हो गया।

### बालूभरे ट्रक निकलने से नहीं हो पा रहा पौधरोपण

बांदा, (यूएनएस)। बांदा–प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग में जाम से निजात नहीं मिल रही। पुलिस भी नगर के बाशिंदों को जाम के झाम से राहत नहीं दिला पा रही। सुबह से चौक बाजार सहित हाईवे में भीषण जाम लगा रहा। छोटे–बड़े वाहनों की दूर लंबी कतारें लगी रहीं। आधे घंटे के जाम यातायात रेंगता रहा। तेज धूप और उमस के बीच जाम में फंसे राहगीर व्यवस्था को कोसते रहे। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के जाम खुलवाने में पसीने छूट गए। इस मौके पररमेश शर्मा, दिनेश गुप्ता, ब्रह्मदत्त शुक्ला, आनंद राजा गुप्ता आदि ने एसपी से जाम से निजात का अनुरोध किया है।

### खेत का पानी खेत योजना के लिए मेड़बंदी के निर्देश

बांदा, (यूएनएस)। गेहूं खरीद केंद्रों में किसानों के शोषण से खफा भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया कि केंद्रों में पल्लेदारी और उतराई–छनाई के नाम पर किसानों से अवैध वसूली हो रही है। चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने पर यूनियन नौ जून को जिला खाद्य विपणन अधिकारी के दफ्तर में धरना देगी। मंडल महासचिव ध्रुव सिंह तोमर की अगुवाई में यूनियन नेताओं ने कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि केंद्रों में शोषण से किसान परेशान हैं। पल्लेदारी के नाम पर प्रति क्विंटल दो किलो गेहूं या 40 रुपये और उतराई–छनाई में 20 रुपये प्रति क्विंटल वसूले जा रहे हैं। न देने पर किसानों के गेहूं को हाथ नहीं लगाया जाता। यह भी कहा कि पल्लेदारी के टेंडर होने के बाद भी पल्लेदार नहीं हैं। आरोप लगाया कि जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते। अधिकारियों को भी गुमराह कर रहे हैं। धान खरीद में भी किसानों का जमकर शोषण हुआ। सीएम समेत कई अफसरों से शिकायतें की गईं, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसान नेताओं ने जांच के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त करने की मांग की। चेतावनी दी कि किसानों का शोषण बंद न होने और दोषियों पर कार्रवाई न करने पर यूनियन बैनर तले किसान विपणन अधिकारी कार्यालय में नौ जून को धरनाध्पंचायत करेंगे। ज्ञापन देने वालों में बृजेश सिंह, बलराम तिवारी, अजमुद्दीन, रामदास साहू, महेंद्र सिंह, जेपी फौजी आदि थे।

### केंद्रों में बोरों की कमी पर विधायक खफा

बांदा, (यूएनएस)। बिलगांव और खुरहंड मंडी समिति में बोरों की कमी होने पर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने डिप्टी आरएमओ से नाराजगी जताई। शीघ्र खरीद केंद्रों में बोरे उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। खबरदार किया कि गेहूं खरीद में लापरवाही न बरती जाए। न ही भुगतान के लिए किसानों को चक्कर लगवाएं। इस बाबत विधायक ने अफसरों को भी अवगत कराते हुए गेहूं खरीद केंद्रों में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को कहा। साथ ही शहर में बिजली समस्या पर सख्त रुख अपनाते हुए विधायक ने मुख्य अभियंता (वितरण) वीके झा से नाराजगी जताई। दो दिन में बिजली आपूर्ति दुरुस्त करने को कहा। कहा कि जनता के फोन जरूर उठाएं। वरना बोरिया–बिस्तर बांध लें। तुलसी नगर सब स्टेशन के नवाब टैंक फीडर के लिए आए नए 8 एमबी ट्रांसफार्मर एक सप्ताह के अंदर चालू करने को कहा। चेतावनी दी किआपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोई समस्या है तो उन्हें तुरंत अवगत कराएं। सामग्री उपलब्ध कराएंगे। उनके प्रतिनिधि रजत सेठ ने बताया कि विधायक ने प्रबंध निदेशक (आगरा) से एबीसी बंच कंडक्टर न होने की फोन पर जानकारी दी है। उन्होंने 10 किलोमीटर बंच कंडक्टर शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

### सिपाहियों और जवान को धक्का देकर आरोपी फरार

उरई/जलौन, (यूएनएस)। जालौन मेडिकल के लिए ले जाते वक्त सिपाही और एक पीआरडी जवान को धक्का देकर शांतिभंग का आरोपी फरार हो गया। सीओ राहुल पांडे का कहना है कि आरोपी को ले जाने वाले सिपाही और पीआरडी जवान के खिलाफ लापरवाही बरतने की एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जानकारी के अनुसार नदीगांव निवासी राजू परिहार को पड़ोसी के साथ मारपीट के मामले में नदीगांव थाना पुलिस पकड़ कर लाई थी। पुलिस ने राजू का शांतिभंग में चालान कर दिया। सिपाही ओमप्रकाश और एक पीआरडी जवान के साथ उसे सीएचसी मेडिकल के लिए भेजा था। रास्ते में राजू दोनों को धक्का देकर भाग निकला। जब तक सिपाही और जवान खड़े होते तब तक राजू उनकी आंखों से ओझल हो चुका था। घबराए सिपाही ओमप्रकाश ने थाने पर सूचना दी तो पुलिस की गाड़ियां राजू की तलाश में इधर उधर दौड़ने लगीं, लेकिन शाम तक राजू का कुछ पता नहीं चला। थाना प्रभारी रूपकृष्ण त्रिपाठी इस संदर्भ में कुछ भी बताने से इनकार करते रहे। सीओ राहुल पांडे का कहना है कि फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। लापरवाही बरतने वाले सिपाही व पीआरडी जवान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### विजिलेंस टीम ने रेलवे के सिग्नल विभाग में मारा छापा

उरई/जलौन, (यूएनएस)। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज से आई दो सदस्यीय विजिलेंस टीम ने उरई रेलवे स्टेशन के सिग्नल विभाग में छापा मारा। टीम ने एक इंजीनियर समेत कई कर्मचारियों के यात्रा भत्ता बिलों की जांच की। इस कार्रवाई से कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। कर्मचारी मामले को दबाते नजर आए। प्रयागराज से विजिलेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार के नेतृत्व में आई।

# जोकोविच हैरतअंगेज वापसी और नडाल आसान जीत के साथ क्वार्टरफाइनल में

पेरिस । विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त सर्बिया के नोवाक जोकोविच इटली के लोरेंजो मुसेटी से पहले दो सेट हार गए थे लेकिन इसके बाद उन्होंने गजब की वापसी करते हुए 6–7, 6–7, 6–1, 6–0, 4–0 से जीत हासिल वर्ष के दूसरे ग्रैंड स्लेम फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चर्टरफाइनल में जगह बना ली। जोकोविच की इस हैरतअंगेज जीत के बाद तीसरी सीड और 13 बार के चौंपियन स्पेन के राफेल नडाल ने इटली के युवा खिलाड़ी 18वीं सीड जानिक सिनर को आसानी से 7–5, 6–3, 6–0 से हराकर अंतिम आठ में स्थान बना लिया। जोकोविच ने अपने शानदार करियर में पांचवीं बार दो सेट से पिछडने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की। 2016 में चौंपियन रह चुके जोकोविच 2009 में जर्मनी के फिलिप कोलश्रेबर से हारने के बाद पेरिस में कभी चौथे दौर में नहीं हारे और उन्होंने 19 वर्षीय मुसेटी का ग्रैंड स्लेम पदार्पण में चर्टर फाइनल में पहुंचने वाला आठवां खिलाड़ी बनने का सपना तोड़ दिया। मुसेटी ने निर्णायक सेट में 0–4 से पिछडने के बाद मैच छोड़ दिया। नडाल के सामने सिनर ने पहले सेट में ही कुछ चुनौती पेश की और यह सेट नडाल ने थोड़ा संघर्ष कर 7–5 से जीता लेकिन इसके बाद वह अपनी पूरी लय में खेले जिसकी बदौलत वह रोलां गैरो में 13 बार चौंपियन बने हैं। उन्होंने दूसरा सेट आसानी से 6–3 से जीतने के बाद तीसरे सेट में जल्द ही 5–0 की बढ़त बनाने के बाद इस सेट को 6–0 पर समाप्त कर मैच को दो घंटे 17 मिनट में निपटा दिया। नडाल का चर्टरफाइनल में अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्ट्जमैन के साथ



मुकाबला होगा। श्वार्ट्जमैन ने चौथे दौर में जर्मनी के जान लेनार्ड स्ट्रफ को लगातार सेटों में 7–6, 6–4, 7–5 से हराया। विश्व के 76वें नंबर के खिलाड़ी मुसेटी ने पहले दो सेटों में अपने करियर के सबसे बड़े मैच में 25 विनर्स लगाए।

# क्रिसिल ने विकास दर अनुमान घटाकर 9.5 प्रतिशत किया

*आने वाले महीनों में आर्थिक विकास की रफ्तार सीधे तौर पर टीकाकरण की रफ्तार पर निर्भर करेगी। क्रिसिल ने बताया कि विकास का पूर्वानुमान यह मानकर तैयार किया गया है ।*





नयी दिल्ली। निवेश सलाह एवं साख निर्धारण एजेंसी क्रिसिल ने कोविड–19 की दूसरी लहर के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 9.5 प्रतिशत कर दिया है। एजेंसी ने अपनी पिछली रिपोर्ट में वृद्धि दर 11 प्रतिशत रहने का अनुमान जारी किया था। इस प्रकार उसने विकास अनुमान में 1.5 फीसदी की कटौती की है। अर्थव्यवस्था धीरे–धीरे पटरी पर आने का प्रयास कर रही थी, लेकिन महामारी की दूसरी लहर ने इस पर पानी फेर दिया। अब संक्रमण की रफ्तार काफी कम हो गई है, फिर भी पहली लहर के चरम के समय से यह अब भी अधिक है। तीसरी लहर के खतरे की वजह से राज्य सरकारें लॉकडाउन पूरी तरह हटाने से इस बार बचेंगी। क्रिसिल ने बताया कि विकास का पूर्वानुमान यह मानकर तैयार किया गया है कि कोविड–19 से जुड़े प्रतिबंध अगस्त तक जारी रहेंगे और आवाजाही किसी न किसी प्रकार प्रभावित रहेगी। आने वाले महीनों में आर्थिक विकास की रफ्तार सीधे तौर पर टीकाकरण की रफ्तार पर निर्भर करेगी। क्रिसिल ने बताया कि विकास का पूर्वानुमान यह मानकर तैयार किया गया है कि कोविड–19 से जुड़े प्रतिबंध अगस्त तक जारी रहेंगे और आवाजाही किसी न किसी प्रकार प्रभावित रहेगी। आने वाले महीनों में आर्थिक विकास की रफ्तार सीधे तौर पर टीकाकरण की रफ्तार पर निर्भर करेगी। सरकार ने इस साल दिसंबर तक 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों का टीकाकरण करने की योजना बनाई है। क्रिसिल का कहना है कि यदि इस लक्ष्य का 70 प्रतिशत भी हासिल कर लिया जाता है तो विकास दर 9.5 प्रतिशत रहेगी। टीकारण की गति यदि धीमी रहती है या देश को महामारी की तीसरी लहर का सामना करना पड़ता है।

# कोरोना कालः सस्ते में घर खरीदने का सही समय

नई दिल्ली। कोरोना महामारी से बुरी तरह प्रभावित रियल स्टेट उद्योग को पटरी पर लाने के प्रयासों में सस्ते घर खरीदने की चाहत रखने वालों के लिए एक सुनहरा मौका हो सकता है। पहली लहर से प्रभावित रियल एस्टेट उद्योग पटरी पर आ ही रहा था की कोरोना की दूसरी लहर आ गई। कोरोना की दूसरी लहर की मार रियल स्टेट पर भी पड़ी है ऐसे में चाहे रेसिडेंसियल फ्लैट हो या कॉमर्शियल दोनों का निर्माण लगभग रूक सा गया है। रियल स्टेट के विशेषज्ञ तरूण जैन की माने तो जैसे ही कोरोना महामारी से जुड़ी पाबंदियां हटेंगी, घरों की मांग में तेजी देखने को मिलेगी। जैन का कहना है कि अब रियल स्टेट मार्केट को फिर से खड़ा होने में दो साल तक का इंतजार करना होगा। रियल स्टेट मार्केट के ट्रेंड को देखते हुए उनका कहना है कि दरअसल कोरोना वायरस की वजह से वर्क फ्रॉम होम का कल्चर मेट्रो शहरों में तेजी से बढ़ा है। कोरोना वायरस जैसी महामारी ने शहरों में किराए के मकान में रहने वाले लोगों को अपने घर की जरूरत को प्राथमिकता में शामिल किया है ताकि आर्थिक चुनौतियों के बीच घर सहारे की तरह काम कर सके। कोरोना ने खरीददार को नए होम कांन्सेप्ट को जन्म दिया है जिसमे अब ऐसे सोसाइटी की डिमांड बढ़ी है जो कम भीड़–भाड़ वाली हो, ज्यादा हवादार हो, सोसाइटी के अंदर ही सभी सुविधा हो। टॉवरों की संख्या कम हो। हाई–राईज टावर वाले सोसाइटी की डिमांड में कमी आई है । विशेषज्ञों का कहना है कि बैंकों के द्वारा होम लोन की ब्याज दरों में कटौती,, सरकार के द्वारा रियल स्टेट मार्केट को आर्थिक पैकेज की घोषणा और कोरोना की वजह से मार्केट की मौजूदा परिस्थिति में रियल स्टेट मार्केट के प्रति लोगो का भरोसा बढ़ा है। जैन का कहना है कि पहले लोग सिर्फ एक अदद घर की तलाश करते थे। उन्हें बस एक घर चाहिए ऐसा दिमाग में होता था। लेकिन अब टू रूम सेट के बजाय थ्री रूम सेट की डिमांड बढ़ी है। नए कॉन्सेप्ट के तहत तीन रूम के बजाय टू रूम सेट प्लस पर्सनलाइज आफिस। पर्सनलाइज ऑफिस में एक रूम को पूरे ऑफिस कान्सेप्ट के तौर पर विकसित किया जा रहा है। जिसमें वर्क फ्रॉम होम की सभी जरूरतों जैसे वाई–फाई, चेयर, टेबल, पावर कनेक्शन, पावर बैकअप को तैयार करके दिया जा रहा है। नए होम कांन्सेप्ट में बिल्डर वर्किंग एरिया को ऐसे डेवलप कर रहे हैं जिसमें किचेन की आवाज से कोई काम में व्यवधान उत्पन ना हो। इस डेडिकेटेड ऑफिस का इस्तेमाल ना सिर्फ बड़े लोग बल्कि स्कूल–कॉलेज में पढने वाले बच्चे भी कर सकते है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बिल्डरों के लिए भी एक अवसर है क्योंकि जो लोग अबतक दो रूम सेट खरीदना चाहते थे वो अब हर साल कोरोना या फिर ऐसे दूसरी चुनौतियों के मद्देनजर तीन रूम सेट खरीदना चाह रहे हैं। ये नए होम कान्सेप्ट के तहत निर्माणाधीन सोसाइटीज में बिल्डर तीन बीएचके को ऑनडिमांड उसमे बदलाव ला सकते हैं। साथ ही उन नए फ्लैट्रस के डिजाइन में चेंज कर सकते हैं जो अभी तक नहीं बिके हैं। इस नए कान्सेप्ट के अनुसार खरीददार को सोसाइटी में अपने क्लाइंट से मिलने या फिर ऑफिस से जुड़े किसी भी सदस्य से बात करने के लिए वीसी यानि वीडियो कॉफ्रेंस की सुविधा भी दी जा सकती है। इसके साथ ही किसी डॉक्टर, वकील या ऐसे प्रोफेशनल जिन्हें अपने क्लाइंट से मिलना जरूरी होगा, उनके लिए परमिशन एक्सेस कार्ड जारी किया जा सकता है। जिसमे बाहरी लोगों के आने–जाने को लेकर परमिशन दी जाएगी। साथ ही लिफ्ट ऑबी में ही मीटिंग एरिया होगा जहां चाहे तो वहां बैठकर मीटिंग हो सकती है ।

# कंपनियां कच्चे माल की ऊंची लागत से परेशान : सर्वे

नयी दिल्ली कोविड–19 महामारी की दूसरी लहर के बीच कंपनियों को कच्चे माल की ऊंची लागत की समस्या से जूझना पड़ रहा है। देश के कई हिस्सों में अंकुशों की वजह से आपूर्ति श्रृंखला में बाधा आई है और साथ ही अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार की रफ्तार भी प्रभावित हुई है। उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई ने सोमवार को यह बात कही। पीएचडीसीसीआई ने एक सर्वे में कहा कि आगे चलकर महामारी की दूसरी लहर से प्रभावित भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए एक बड़े प्रोत्साहन की जरूरत होगी। यह सर्वे 34 क्षेत्रों में किया गया। सर्वे में शामिल 73 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि वे कच्चे माल की बढ़ती लागत की वजह से दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। देश के कई हिस्सों में अंकुशों की वजह से आर्थिक पुनरुद्धार प्रभावित हुआ है। साथ ही इससे आपूर्ति श्रृंखला में अड़चनें भी आई हैं। सर्वे के अनुसार, कंपनियों के समक्ष जो अन्य चुनौतियां आ रही हैं उनमें कार्यशील पूंजी की उपलब्धता, मूल्य–लागत मार्जिनध्मुनाफे को कायम रखना, कमजोर मांग, पूरे श्रमबल को कायम रखना, वेतन और ऋण का भुगतान शामिल हैं। सर्वे में कहा गया है कि कंपनियां महत्वपूर्ण रणनीतिक योजना के तहत अपने कर्मचारियों के टीकाकरण को प्राथमिकता दे रही हैं। पीएचडी चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा, ''कोरोना वायरस 2.0 की वजह से देश में लागू अंकुशों से उद्योग के लिए मुश्किलें पैदा हुई हैं। दफ्तर और दुकानें बंद होने से समूची आर्थिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।

# टीटीएफआई ओलंपिक खिलाड़ियों के लिए 20 जून से सोनीपत में प्रशिक्षण शिविर की योजना बना रहा

नयी दिल्ली। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीआईएफ) ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाडियों के लिए 20 जून से सोनीपत में अभ्यास शिविर शुरू करने की योजना बनायी है। टीटीआईएफ की कोशिश कोविड–19 के कारण प्रभावित हुई खिलाड़ियों के अभ्यास की कमी को कुछ हद तक दूर करने की है। इस साल मार्च में चार खिलाड़ियों शरत कमल, जी साथियान, मनिका बत्रा और सुतीर्थ मुखर्जी ने क्वालीफिकेशन हासिल किया था लेकिन देश में कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर ने उन्हें व्यक्तिगत अभ्यास तक सीमित कर दिया। टीटीएफआई के सलाहकार एमपी सिंह ने कहा, '' तैयारियां आदर्श नहीं रही हैं लेकिन महामारी के बीच आप इसमें ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। अब हम 15 दिवसीय शिविर के लिए साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। इसे एक–दो दिन में मिल जाना चाहिए।''उन्होंने कहा, '' कुल 12 खिलाड़ी और चार सहयोगी सदस्य शिविर का हिस्सा होंगे। खिलाड़ियों ने पहले भी डीपीएस सोनीपत में प्रशिक्षण लिया है, इसलिए वे सुविधा के साथ सहज हैं।'' साथियान को छोड़कर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी इस शिविर का हिस्सा होंगे। साथियान कोविड–19 के दौर में यात्रा से बचने के लिए चेन्नई में अपने कोच एस रमन के साथ अभ्यास जारी रखना चाहते है। ओलिंपिक जाने वाले खिलाड़ियों के अलावा अर्चना कामथ, सानिल शेट्टी और मानव ठक्कर समेत भारत के अन्य खिलाड़ी भी सोनीपत में होंगे। सिंह ने कहा, '' खिलाड़ियों की 17 जून को यहां पहुंचने के बाद आरटी–पीसीआर जांच होगी और जब 20 जून से शिविर शुरू होगा, तो हर दिन रैपिड एंटिजेन परीक्षण किये जाएंगे। अपने चौथे ओलंपिक में भाग लेने के लिए तैयार शरत को डेनमार्क में प्रशिक्षण के लिए वीजा नहीं मिला और इसलिए वह टीम के माहौल में अभ्यास की उम्मीद कर रहे हैं। वह और साथियान एकल में प्रतिस्पर्धा करेंगे लेकिन इस अनुभवी खिलाड़ी का ज्यादा ध्यान मनिका के साथ मिश्रित युगल पर है। मनिका और शरत की जोड़ी ने 2018 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीत कर चौंकाया था। इस जोड़ी के पास तोक्यो में भारत के लिए एक और अच्छा परिणाम हासिल करने का मौका होगा। शरथ ने कहा, '' मनिका और मैंने क्वालीफायर से पहले और उस दौरान अपने मूवमेंट पर ध्यान दिया। अब हमें मैच में खेलने की स्थिति में बेहतर होने की जरूरत है। कोविड–19 के कारण हमारी तैयारी आदर्श से बहुत दूर रही है लेकिन हमें इस शिविर का सर्वोत्तम उपयोग करने की जरूरत है।''

## संक्षिप्त





### स्थिर रहे पेट्रोल–डीजल के दाम

नयी दिल्ली। पेट्रोल–डीजल के दाम लगातार दो दिन की वृद्धि के बाद आज रिकॉर्ड स्तर पर स्थिर रहे। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 95.31 रुपये और डीजल की कीमत 86.22 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रही। गत 04 मई से अब तक 20 दिन पेट्रोल–डीजल के दाम बढ़ाये गये हैं जबकि शेष 16 दिन कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस दौरान दिल्ली में पेट्रोल 4.91 रुपये तथा डीजल 5.49 रुपये महंगा हो चुका है। दूसरे शहरों में भी दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम स्थिर रहे। मुंबई में एक लीटर पेट्रोल 101.52 रुपये और एक लीटर डीजल 93.58 रुपये का बिका। कोलकाता में पेट्रोल 95.28 रुपये और डीजल 89.07 रुपये प्रति लीटर पर रहा। चेन्नई में एक लीटर पेट्रोल 96.71 रुपये और एक लीटर डीजल 90.92 रुपये का मिला। पेट्रोल–डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

### अरुण रस्ते एनसीडीईएक्स के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ नियुक्त हुए

नयी दिल्ली। अरुण रस्ते ने सोमवार को देश के प्रमुख कृषि जिंस एक्सचेंज नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड (एनसीडीईएक्स) के प्रबंध निदेशक और सीईओ का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले रस्ते राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) से कार्यकारी निदेशक थे। एक्सचेंज ने एक बयान में कहा कि रस्ते का कार्यकाल ऐसे समय में शुरू हुआ है जब एनसीडीईएक्स पिछले कुछ वर्षों में शुरू की गई विभिन्न पहलों पर आगे बढ़ने की तैयारी कर रहा है। इनमें कमोडिटी इंडेक्स की शुरुआत, जिंसों का विकल्प कारोबार तथा गैर–कृषि खंड में एनसीडीईएक्स की उपस्थिति शामिल है।

### कमजोर मांग से चांदी वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। कमजोर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को कम किया जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को चांदी की कीमत 519 रुपये की गिरावट के साथ 71,020 रुपये प्रति किलो रह गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के जुलाई डिलीवरी वाले वायदा अनुबंध का भाव 519 रुपये यानी 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,020 रुपये प्रति किलो रह गया। इस वायदा अनुबंध में 11,331 लॉट के लिये सौदे किये गये। वैश्विक स्तर पर, न्यूयार्क में चांदी का भाव 0.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 27.68 डालर प्रति औंस रह गया।

### कमजोर मांग से सोना वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। कमजोर हाजिर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों की कटान की जिससे स्थानीय वायदा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 167 रुपये की गिरावट के साथ 48,827 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त महीने की डिलिवरी के लिये सोने की कीमत 167 रुपये यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 48,827 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। इसमें 11,798 लॉट के लिये कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से सोना वायदा कीमतों में हानि दर्ज हुई। वैश्विक स्तर पर न्यूयार्क में सोने की कीमत 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,886.30 डॉलर प्रति औंस रह गई।

### कमजोर मांग से निकेल वायदा कीमतों में हानि

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच कारोबारियों ने अपने सौदों की कटान की जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को निकेल वायदा भाव 1.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,294.90 रुपये प्रति किलो रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून माह में डिलीवरी होने वाले निकेल अनुबंध का भाव 18.90 रुपये यानी 1.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,294.90 रुपये प्रति किलो रह गया। इसमें 2,105 लॉट के लिये सौदे किये गये। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग के कारण मुख्यतः निकेल वायदा कीमतों में गिरावट आई।

### कमजोर मांग से तांबा वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। घरेलू हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को तांबा की कीमत 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 738.30 रुपये प्रति किलो रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून माह में डिलीवरी होने वाले अनुबंध के लिये तांबा का भाव 4.70 रुपये यानी 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 738.30 रुपये प्रति किलो रह गया। इसमें 4,842 लॉट के लिये सौदे किये गये। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग के कारण सटोरियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से यहां वायदा कारोबार में तांबा कीमतों में गिरावट आई।

### कमजोर मांग से एल्युमीनियम वायदा कीमतों में हानि

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों की कटान की जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को एल्युमीनियम की कीमत 1.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 191.15 रुपये प्रति किलो रह गयी।

### कमजोर मांग से तांबा वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। घरेलू हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को तांबा की कीमत 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 738.30 रुपये प्रति किलो रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून माह में डिलीवरी होने वाले अनुबंध के लिये तांबा का भाव 4.70 रुपये यानी 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 738.30 रुपये प्रति किलो रह गया। इसमें 4,842 लॉट के लिये सौदे किये गये।

## सम्पादकीय........

### आज के ब्रिटेन में नस्ली भेदभाव

ब्रिटेन के प्रतिष्ठित अखबार गार्डियन द्वारा प्रकाशित एक दस्तावेज में साफ लिखा है कि काले आप्रवासियों या विदेशियों को महारानी एलिजाबेथ के यहां केवल सेवकों के रूप में रखा जाता था, दफ्तरी कर्मचारियों के रूप में नहीं. मार्च, 1968 का यह दस्तावेज लेबर पार्टी की तत्कालीन सरकार में गृह मंत्री जेम्स कैलैहन के नस्ली संबंधी विधेयक के लिए बनी कैबिनेट समिति की रिपोर्ट है. विधेयक पर बहस के लिए महारानी की स्वीकृति लेनी जरूरी थी और यह महारानी ने अपने कर्मचारियों की नियुक्ति को नये कानून के दायरे से बाहर रखने का प्रबंध होने के बाद दी थी. इस रहस्योद्घाटन ने बोरिस जॉनसन सरकार के दावों पर फिर से सवालिया निशान लगा दिया है. पिछले मार्च में नस्ली और जातीय विषमता आयोग ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि जातीय अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे भेदभाव में अब ब्रितानी व्यवस्था का कोई हाथ नहीं है. आयोग का कहना था कि जातीय अल्पसंख्यकों के बच्चे स्कूली शिक्षा में गोरे बहुसंख्यकों के बराबर हैं. लगभग बराबरी के अवसर मिल रहे हैं और वेतन का अंतर भी घटकर मात्र 2.3 फीसदी रह गया है. रुकावटें और विषमताएं हैं, लेकिन उनकी वजहें नस्लवाद की बजाय पारिवारिक प्रभाव, आर्थिक–सामाजिक पृष्ठभूमि, धर्म और संस्कृति हैं. स्वतंत्र संस्थाओं और विपक्षी दलों ने रिपोर्ट की निंदा करते हुए इसे बेहयाई से लीपापोती करने की कोशिश बताया था. यह विडंबना की बात नहीं है कि जॉनसन सरकार का आयोग जिस ब्रितानी व्यवस्था या संस्था से नस्ली भेदभाव मिट जाने का दावा करता है, उसी के शिखर पर बैठी महारानी एलिजाबेथ के दफ्तर के दरवाजे काले और एशियाई अल्पसंख्यकों के लिए बंद थे? महारानी के कार्यालय ने अपने स्पष्टीकरण में केवल इतना बताया है कि उनके पास नब्बे के दशक में जातीय अल्पसंख्यकों के दफ्तरी कर्मचारी बनने के रिकॉर्ड हैं. उससे पहले के रिकॉर्ड ही नहीं हैं. इसका मतलब है पहले की नीति बदली गयी होगी, लेकिन ऐसा कब हुआ, इस पर महारानी का कार्यालय खामोश है. गार्डियन की कहानी के तार किसी–न–किसी रूप में महारानी की छोटी पौत्रवधू मैगन मार्कल की कहानी के साथ भी जुड़े हैं. अफ्रीकी मूल की अमेरिका निवासी डोरिया रैगलैंड और गोरे अमरीकी टॉमस मार्कल की बेटी मैगन जब तीन साल पहले ब्रितानी महारानी की पौत्रवधू बन कर विंडसर प्रासाद में आयी थी, तो उसे राजघराने की बदलते समाज और समय के साथ चलने की कोशिश के रूप में देखा और सराहा गया था. लेकिन मिश्रित नस्ल की राजकुमारी के ब्रितानी राजघराने के तौर–तरीकों को आधुनिक बनाने की परीकथा बहुत दिनों तक नहीं चल पायी और मैगन राजघराने की परंपराओं की घुटन से उकता कर राजकुमार हैरी को भी अमेरिका ले गयीं. अफवाहें थीं कि मैगन अपने बेटे आर्ची के साथ हुए व्यवहार और उसके भविष्य को लेकर नाखुश थीं. राजकुमार हैरी और मैगन ने ओपरा विन्फ्रे को पिछले मार्च में दिये एक इंटरव्यू में जो कहा, उसने तहलका मचा दिया. मैगन ने कहा कि राजघराने के कुछ लोगों को इस बात की परेशानी रहती थी कि बड़े होने पर उनके बेटे का रंग कैसा होगा– सांवला या गोरा? बकौल ओपरा, राजकुमार हैरी ने अनौपचारिक बातचीत में इतना साफ कर दिया था कि महारानी और राजकुमार फिलिप ने कभी ऐसी कोई बात नहीं की. जो भी हो, ऐसी टीका–टिप्पणी होना नस्लवादी भावना का प्रमाण है.आप कह सकते हैं कि दुर्भावना को व्यवस्था और व्यवहार से ही निकाला जा सकता है।

## आज का राशिफल

मेष :– योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्य क्षेत्र में कठिनाईयाँ संभव। जीविका क्षेत्र में नए आयाम उत्साहित करेंगे।

बृषभ :– रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर उत्साह का संचार करेंगे, परन्तु आवेश में लिया गया निर्णय हानिकारक हो सकता है। जो बीत गयी उसे भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें।

मिथुन :– दूसरों की सफलता से अपने अन्दर हीन भावना ना पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर और स्थान परिवर्तन के भी योग हैं। किसी सहकर्मी खराब व्यवहार से कष्ट संभव।

कर्क :– प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्य क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है। किसी विपरीत लिंगी सम्बन्ध में आकर्षण बढ़ेगा।

सिंह :– नाजुक सम्बन्धों मे भावनात्मक ताल–मेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कायां के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव। भावनात्मक अभिब्यक्ति सम्बन्धों मधुरता बढ़ेगी। कुछ नये उत्साह की अनुभूति करेंगे।

कन्या :– पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दूसरों की आलोचना का अपने मनोबल पर असर न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता से प्रगति के अच्छे अवसर मिलेंगे।

तुला :– कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयत्न करें। शिक्षा–प्रतियोगिता के दिशा में परिश्रम तीव्र होगा। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई–नई युक्तियाँ उत्पन्न होंगी।

वृश्चिक :– आसीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वन्चित होगा, अतरू इसे सुधारें। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिन्तित होंगा। मन आपसी तालमेल बैठाने में असमर्थ होगा।

धनु :– दूसरों की बात इधर से उधर करना आपको शोभा नही देता। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होग। परिवारिक संबंधों में कटुता पैदा न होने दें। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

मकर :– अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। रोजगार में सफलता के योग हैं। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव।

कुंभ :– कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। राजनैतिक सरगर्मियाँ आपकी व्यस्तता बढ़ाएंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक परेशानी पैदा हो सकती हैं।

मीन :– कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी।

# वैक्सीन पर राजनीति बंद होनी चाहिए

**–राजेश माहेश्वरी**

*प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में कोरोना की स्वदेशी वैक्सीन को लेकर फैलाए गये भ्रम के बारे में भी बात की। इसमें कोई दो राय नहीं है कि चंद राजनीतिक दलों ने अपनी तुच्छ राजनीति के लिए टीके को लेकर भ्रम फैलाया, जिससे टीकाकरण की रफ्तार मंद पड़ी। केन्द्र ने अपने ताजा फैसले में टीकाकरण की पूरी जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। असल में राज्य टीकाकरण का प्रबंधन ठीक तरह से करने में नाकाम साबित हुए। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में इस बात को साफ किया। वैक्सीन की बर्बादी को लेकर लगातार खबरें प्रकाशित हो रही हैं। एक आंकड़े के अनुसार देश में कोरोना के औसतन 6.3 फीसदी टीके बर्बाद कर दिए जाते हैं।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अपने नवीनतम संबोधन में कोरोना काल की दुश्वारियों के बारे में तो बताया ही, वहीं उन्होंने देशवासियों के लिए मुफ्त टीकाकरण की घोषणा भी की। असल में देखा जाए तो भारत जैसे विकासशील देश के लिए आपदा के समय दो–दो बेहतरीन वैक्सीन का निर्माण कर लेना किसी चमत्कार से कम नहीं है। 134 करोड़ की आबादी वाले राष्ट्र के सामने चुनौतियों का पहाड़ है, ये खुला तथ्य है। ऐसे में कोरोना जैसी आपदा के चलते देश को जिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा वो बहुत कष्टदायी और दर्दनाक हैं। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में कोरोना की स्वदेशी वैक्सीन को लेकर फैलाए गये भ्रम के बारे में भी बात की। इसमें कोई दो राय नहीं है कि चंद राजनीतिक दलों ने अपनी तुच्छ राजनीति के लिए टीके को लेकर भ्रम फैलाया, जिससे टीकाकरण की रफ्तार मंद पड़ी। केन्द्र ने अपने ताजा फैसले में टीकाकरण की पूरी जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। असल में राज्य टीकाकरण का प्रबंधन ठीक तरह से करने में नाकाम साबित हुए। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में इस बात को साफ किया। वैक्सीन की बर्बादी को लेकर लगातार खबरें प्रकाशित हो रही हैं। एक आंकड़े के अनुसार देश में कोरोना के औसतन 6.3 फीसदी टीके बर्बाद कर दिए जाते हैं। झारखंड में करीब 37 फीसदी टीके बर्बाद किए गए हैं, तो छत्तीसगढ़ में यह औसत 31 फीसदी से ज्यादा है। तमिलनाडु में संक्रमित मरीजों के आंकड़े अभी तक डराते रहे हैं, लेकिन वहां भी 15 फीसदी से अधिक टीके बर्बाद किए गए हैं। जम्मू–कश्मीर और मध्यप्रदेश सरीखे क्षेत्रों में करीब 11 फीसदी टीके बेकार कर दिए गए हैं। राजस्थान में तो लापरवाही अपनी चरमसीमा को छू रही है, जहां कोरोना टीके की 500 शीशियां कूड़ेदान में पाई गईं। उन शीशियों में औषधि शेष थी, जो किसी भी व्यक्ति के लिए 'संजीवनी' साबित हो सकती थी। यकीनन यह आपराधिक लापरवाही है। वैक्सीन की बर्बादी कई और राज्यों में भी हुई है अथवा की




गई है। इसकी नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। वैक्सीन की उपलब्धता, क्वालिटी और उसके मुफ्त वितरण की बात तो विपक्ष के सभी दल करते रहे हैं, लेकिन एक सोची समझी रणनीति के तहत विपक्ष के एक भी दल ने कभी टीकों की बर्बादी का सरोकार नहीं जताया है। लेकिन बड़ी निर्लज्जता से राज्यों में गैर भाजपा की सरकारों ने केंद्र सरकार की कोविड को लेकर बनाए नियमों, नीतियों और खासकर वैक्सीन को लेकर सवाल उठाने में कोई परहेज नहीं किया। देश की जनता भी विपक्ष की इस मंशा को समझ रही है कि वो विशुद्ध राजनीति के अलावा कुछ और नहीं कर रहा, लेकिन विपक्ष अपनी चालें चलने से बाज नहीं आ रहा है। अब चूंकि केंद्र ने टीकाकरण की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले ली है, वहीं मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध करवाने की घोषणा भी कर दी, ऐसे में विपक्ष सरकार को घेरने के नये मुद्दे तलाश रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि पिछले साल जब कोरोना ने देश के दस्तक दी उस समय देश में डर ओर निराशा का वातावरण था। लेकिन आपदा के समय देशवासियों के जीवन पर मंडरा रहे खतरों से मुक्ति दिलाने के लिये हमारे देश में जो सकारात्मक परिस्थितियां निर्मित हुईं, उनसे न केवल देशवासियों ने बल्कि दुनिया ने प्रेरणा ली है। निराशा एवं खतरे की इन स्थितियों में देश ने मनोबल बनाये रखा, हर तरीके से महामारी को परास्त करने में हौसलों का परिचय दिया और इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं मोर्चा संभाले रखा, लोगों से दीपक जलवाये और ताली बजवायी। वैक्सीन जल्दी बनकर सामने आये, उसके लिये प्रोत्साहित किया। लेकिन इन संघर्षपूर्ण स्थितियों में विपक्षी राजनीतिक दलों ने कोई उदाहरण प्रस्तुत किया हो, ऐसा दिखाई नहीं देता। बल्कि इन दलों ने और विशेषतः कांग्रेस ने हर मोर्चे पर नकारात्मक राजनीति को ही प्रस्तुत किया। जब वैक्सीन नहीं थी तब वैक्सीन का रोना रोया। और जब वैक्सीन बन गई तो उस पर ही सवाल खड़े कर दिये। कांग्रेस की इस स्तरहीन राजनीति में तमाम दल शामिल होकर जनता को बचाने के उपायों की बजाय सरकार को ही कटघरे में खड़े करते दिखे। आपको याद होगा कि जब भारत में पोलियो वैक्सीन लगाने का फैसला किया गया था, तब भी धार्मिक आधार पर उसका विरोध किया गया था। देश में पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान 1995 में शुरू किया गया था, लेकिन अब जाकर कहीं भारत से पोलियो खत्म हुआ है। अभियान की सफलता में देरी इसी वजह से लगी, क्योंकि धार्मिक अंधविश्वास के हिमायती मौलवियों ने मुस्लिम समाज से टीकाकरण के विरोध की अपीलें लगातार जारी की थीं। अगर ऐसा नहीं होता, तो देश बहुत पहले पोलियो मुक्त हो गया होता। कोरोना वैक्सीन को लेकर राजनेताओं ने भी बेतुके बयान देकर टीकाकरण की गति को मंथर करने का काम किया, वहीं देश की जनता की जान को खतरे में डालने का कृत्य किया। कोरोना के विस्तार और गहराते संकट के बीच सरकारी तंत्र की सीमाएं हम सभी देख रहे हैं। इसलिए राजनीतिक दलों को चाहिए कि सोशल मीडिया–मीडिया में एक–दूसरे पर दोषारोपण का अपना प्रिय खेल बाद के लिए छोड़ कर फिलहाल जमीन पर उतरें, जनता के बीच जायें। जाहिर है, पीड़ितों को चिकित्सकीय सुविधा राजनीतिक नेता–कार्यकर्ता नहीं दे सकते, पर जरूरी चीजों में मदद का हाथ अवश्य बढ़ा सकते हैं। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि देश में सत्तर प्रतिशत वयस्क आबादी को टीका लगाए बिना कोरोना संकट से मुक्त होकर जीवन सामान्य बनाना असंभव है। देश में टीके की उपलब्धता को देखते हुए यह लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं लगता। सरकार की दलील है कि वह वैश्विक वैक्सीन निर्माताओं के साथ बातचीत करके टीकाकरण अभियान को तेज करने के प्रयासों में लगी हुई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करके कुछ टीकों की आपूर्ति की बात कही है लेकिन सवा अरब से ज्यादा आबादी वाले देश में इतने टीकों से क्या होगा। यही वजह है कि कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि बजट में टीकों की खरीद के लिये जो 35000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, उसका लाभ देश की वयस्क आबादी को क्यों नहीं मिल पा रहा है? कोरोना की तीसरी लहर की आशंका ने सभी देशों को अलर्ट कर दिया है। महामारी की प्रत्येक लहर में अलग–अलग आयु वर्ग के लोग चपेट में आए हैं। चूंकि, भारत में अब 18 साल से ऊपर के व्यक्तियों को टीकाकरण जारी है। केंद्र सरकार ने आगामी जुलाई–अगस्त से एक करोड़ लोगों में हर रोज टीकाकरण हो सकेगा, लिहाजा दिसंबर तक देश की अधिकतम आबादी टीकाकृत हो सकेगी। यह खूबसूरत लक्ष्य माना जा सकता है, लेकिन टीकों की बर्बादी, टीकों के कम उत्पादन और आधे–अधूरे ढांचे के कारण अक्तूबर तक 50 लाख लोगों में टीकाकरण का औसत लक्ष्य भी हासिल किया जा सका, तो बड़ी उपलब्धि होगी। फिलहाल रूसी टीके की 30 लाख खुराकों की नई खेप हैदराबाद में आई है। अमरीकी टीकों का आयात अभी तय नहीं है। कोविशील्ड और कोवैक्सीन अपने तय लक्ष्यों से कम उत्पादन कर रहे हैं। हमारा मानना है कि यदि मंथर गति से ही टीकाकरण की निरंतरता बरकरार रहे, तो 2022 के मध्य तक हमारा देश लगभग टीकाकृत हो चुका होगा। इस मुद्दे पर तुच्छ राजनीति जरूर बंद होनी चाहिए। आम आदमी के स्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर मसले पर राजनीति से देश और देशवासियों का नुकसान ही होगा। वक्त का तकाजा है कि दलगत राजनीति से उबर कर देश–समाज पर मंडराते संकट से निपटने की समझदारी और एकजुटता दिखायें।–लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

# सत्ता के गलियारे की भुनभुनाहट

**प्रभु चावला**

ज्यादा जोगी मठ उजाड़. एनडीए नेतृत्व को अंततरू समझ में आ गया कि महामारी प्रबंधन पर भाजपा के आक्रामक और कड़वे महाप्रचार से सरकार को कोई प्रशंसा हासिल नहीं हो रही है. कोविड की समझ से दूर–दूर तक वास्ता नहीं रखनेवाले भी बिना किसी हिदायत के सरकार का बचाव कर रहे हैं. विपक्ष के हमलों को देखते हुए भाजपा नेतृत्व ने वाचाल मंत्रियों को कोरोना पर चुप रहने को कहा है.केवल स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ही स्थिति के बारे में बतायेंगे. वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल (अभी इन्हें बोलना है) मीडिया को ऑक्सीजन की आवाजाही के बारे में जानकारी देंगे. रसायन एवं उर्वरक मंत्री सदानंद गौड़ा जरूरी दवाओं की आपूर्ति के बारे में बतायेंगे. लेकिन गोयल और गौड़ा के बयान उतने ही उपयोगी रहे हैं, जितना कि बिना ऑक्सीजन के सिलेंडर. कई वरिष्ठ मंत्रियों ने विरोधाभासी बयान दिये क्योंकि मंत्रालयों के बीच संवाद ही नहीं है. उदाहरण के लिए, सबसे प्रभावी मंत्रियों में एक नितिन गडकरी ने 18 मई को स्पष्ट कहा, 'मांग अधिक और आपूर्ति कम होगी, तो समस्या होगी. इसलिए एक की जगह दस वैक्सीन कंपनियों को लाइसेंस देना चाहिए.' चौबीस घंटे बाद अपनी बात से पीछे हटते हुए उन्होंने ट्वीट किया– 'कल मैंने वैक्सीन उत्पादन बढ़ाने के लिए सलाह दिया था. मुझे अपने भाषण से पहले पता नहीं था. मनसुख मंदाविया ने मुझे इस बारे में सरकार की कोशिशों की जानकारी दी.' मंदाविया गौड़ा के मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं और प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें कोरोना–संबंधी दवाओं की आपूर्ति के प्रबंधन का जिम्मा



दिया है. मंत्रियों के बीच यह विरोधाभास कांग्रेस के लिए वरदान था. एजेंडा तय करनेवाले एनडीए ने कई एकालापों के बजाय एक सुर में बोलने का फायदा समझा है. अचरज की बात नहीं है कि अनेक अत्यधिक सक्रिय मंत्री और सोशल मीडिया पर राय रखनेवाले कहीं छुप गये हैं. हालिया चुनाव में हारने के बाद कांग्रेस अभी तक संभल नहीं सकी है. चुनावी हार पर अशोक चव्हाण की रिपोर्ट ने असली खलनायकों को छोड़ कुछ क्षत्रपों को दोषी ठहराया है. हमेशा की तरह इस दस्तावेज को भी दफन कर दिया जायेगा. मामूली राजनीतिक राशन पर चल रहे कांग्रेस नेता बिना किसी की भावनाएं आहत किये एक साथ तीन गांधियों को संभालने में परेशान हैं. ऐतिहासिक रूप से पार्टी में परिवार के दो लोगों की चलती थी. कभी जवाहरलाल नेहरू और उनकी पुत्री इंदिरा गांधी की तूती बोलती थी.पिता ने यह सुनिश्चित किया कि इंदिरा पार्टी की सबसे कम आयु की अध्यक्ष बनें. सत्तर के दशक के शुरू में संजय गांधी अपनी माता के सलाहकार हुए. उन्होंने एक समानांतर संगठन खड़ा किया और अस्सी के लोकसभा चुनाव में जीते हुए आधे से अधिक सांसद चुने. जहां बचे रहने के लिए पुरानी पीढ़ी को इंदिरा की जरूरत थी, वहीं पार्टी का बड़ा हिस्सा संजय का वफादार बन गया. उनकी मृत्यु के बाद इंदिरा–राजीव जोड़ी ने सरकार व पार्टी को नियंत्रित किया. अपनी माता की हत्या के बाद राजीव ने दून स्कूल के अपने मित्रों और टेक्नोक्रेटों को मार्गदर्शन के लिए साथ लिया. कुछ साल के लिए वे अकेले गांधी थे, जिनका पार्टी पर पूरा नियंत्रण था. बाद में सोनिया गांधी उनकी अदृश्य सलाहकार हो गयीं. राजीव की हत्या के बाद वे कुछ समय के लिए चुप रहीं और 1998 में वे पार्टी प्रमुख के तौर पर वापस आयीं. साल 2004 तक शीर्ष पर वे अकेली गांधी थीं.फिर राहुल अपनी माता के साथ आये और तब से शीर्ष पर यही दो गांधी थे. सोनिया सबको साथ लेकर चलनेवाली नेता हैं. राहुल कुछ समय के लिए पार्टी अध्यक्ष भी बने थे. अब प्रियंका गांधी के आने से समीकरण बदल गया है. परिवार की इस तिकड़ी को लेकर कांग्रेस समर्थक भ्रमित हैं. भाई व बहन के बीच जिम्मेदारियों का साफ बंटवारा न होने से पूरी पार्टी मझधार में है. उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी देशभर का दौरा करती रहती हैं. राहुल अपने पुराने राज्य से दूरी बरत रहे हैं. इन तीन गांधियों में सबसे शक्तिशाली कौन है? कांग्रेस नेता पंजाब और राजस्थान में विद्रोहियों के पीछे जी–शक्ति होने को लेकर माथापच्ची कर रहे हैं. पहली बार कांग्रेस गांधियों की बहुतायत से परेशान होती दिख रही है. सेंट्रल विस्टा का असली खर्च क्या है? इसकी रूप–रेखा क्या है? इसके असली आकार और आयाम पर धूल उड़ने देने के बाद आखिरकार सरकार बचाव की मुद्रा में है. इसका खर्च 13 हजार करोड़ रुपया है, न कि 20 हजार करोड़ रुपया, जैसा कि सरकार के कुछ कहे बिना छपता रहा. यह राशि पांच सालों में खर्च होगी, न कि एक साल में और यह नयी संसद बनाने की अनुमानित लागत ही, जबकि सेंट्रल विस्टा विभिन्न उद्देश्यों के लिए होगा. इस परियोजना में केंद्र सरकार के सभी कार्यालय, प्रधानमंत्री व उपराष्ट्रपति निवास तथा विश्व स्तरीय सम्मेलन केंद्र होंगे. निश्चित रूप से इसे एक कीमती परियोजना तथा राष्ट्र के लिए हमेशा रहनेवाले उपहार के रूप में होना है, लेकिन इतिहास इसे महामारी के बीच एक तुच्छ राजनीतिक तमाशे के रूप में दर्ज करेगा. कांग्रेस समेत विपक्ष विस्टा को केवल प्रधानमंत्री के अहं को तुष्ट करने के लिए हो रही समय और धन की बर्बादी कह रहा है. असल में, पूरा होने के बाद इसे इतिहास में सबसे नवोन्मेषी वास्तु उपलब्धियों में एक के रूप में रेखांकित किया जायेगा, जिसे भारतीयों ने भारतीयों के लिए परिकल्पित और विकसित किया है. यह सरकार का दावा है. अब तक भारत मुगल या ब्रिटिश शासन के स्मारकों और भवनों के लिए जाना जाता है।



# रिलेशनशिप को ऑफिशल करने के लिए बेताब कटरीना

कटरीना कैफ और विकी कौशल ने भले ही अभी तक अपने रिश्ते को आधिकारिक नहीं किया हो, लेकिन सोशल मीडिया पर गलती से पोस्ट हुईं उनकी तस्वीरों से हर किसी को उनके रोमांस की जानकारी हो गई है। हालांकि, दोनों के फैंस चाहते हैं कि जल्द ही उन दोनों का रिलेशनशिप ऑफिशल हो जाए। अब ये तो आने वाला समय ही बताएगा कि दोनों कब तक अपने रिश्ते पर मुहर लगाते हैं लेकिन कटरीना कैफ को विकी कौशल के स्क्रीन पर इंटिमेट सीन से आपत्ति है और वह अपने रिश्ते को सबके सामने लाना चाहती हैं। कटरीना कैफ और विकी कौशल ने साल 2021 का स्वागत एक साथ किया था यानी इस कथित कपल ने अलीबाग में न्यू ईयर मनाया था। इस दौरान उनके साथ सनी कौशल और इसाबेल कैफी भी थीं। हालांकि, दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात नहीं की है लेकिन खबरों की मानें तो दोनों के बीच सब ठीक नहीं चल रहा है। चर्चा है कि विकी कौशल के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक बनाने के लिए कटरीना कैफ बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। यह भी कहा जा रहा है कि ऐक्टर के पिता उन दोनों के रिश्ते को लेकर खुश नहीं हैं और उन्होंने अपने बेटे को इस बारे में सचेत कर चुके हैं। यह भी बताया जा रहा है कि कटरीना कैफ अब विकी कौशल के प्रेफेशनल लाइफ में अपनी जगह बना रही हैं और उन्होंने ऐक्टर की अपकमिंग फिल्मों में इंटिमेट सीन को लेकर अपनी आपत्ति व्यक्त की है। विकी कौशल फिल्म श्द इम्मॉर्टल अश्वत्थामाव्य में सारा अली खान के साथ नजर आएंगे। ऐसा लगता है कि कटरीना कैफ ने हिंट दे दिया है वह फिल्म में सारा अली खान के साथ कैमरे के सामने ज्यादा इंटिमेट न हों। बताते चलें कि इससे पहले विकी कौशल ने स्क्रीन पर तापसी पन्नू के साथ श्मनमर्जियांव्य में, कियारा आडवाणी के साथ श्लस्ट स्टोरीजव्य में, अंगीरा धर के साथ श्लव पर स्क्वायर फुटव्य में और शोभिता धूलिपाला के साथ श्रमन राघवव्य में इंटिमेट सीन किया हैं। लेकिन अब कटरीना कैफ को विकी कौशल के ऐसे सीन से असहज करते हैं।कैटरीना कैफ और विकी कौशल को बीते साल अंबानी की होली पार्टी में एक साथ देखा गया था। दिसंबर, 2020 में कटरीना कैफ ने अपने घर पर क्रिसमस की पार्टी रखी थी। इस पार्टी में विकी कौशल भी पहुंचे थे। इसके अलावा पार्टी में सिद्धार्थ मल्होत्रा, कबीर खान, अनन्या पांडे, ईशान खट्टर, अंगद बेदी और नेहा धूपिया भी शामिल हुई थीं। वर्क फ्रंट की बात करें तो कटरीना कैफ फिल्म श्फोन भूतव्य में सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा वह अक्षय कुमार के साथ फिल्म श्सूर्यवंशीव्य में भी काम कर रही हैं। वहीं, विकी कौशल के पास सुजीत सरकार की फिल्म श्सरदार उधम सिंहव्य और आदित्य धर की फिल्म श्द इम्मॉर्टल अश्वत्थामाव्य है।

# ब्लैक आउटफिट में सनी लियोनी ने सोशल मीडिया पर लगाई आग









बॉलीवुड में अपनी बोल्डनेस के लिए मशहूर एक्ट्रेस सनी लियोनी ने एक बार फिर इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ लेटेस्ट फोटोज अपलोड की हैं, जिनमें वो ब्लैक आउटफिट में कहर बरपाती नजर आ रहीं हैं।

# 'बिग बॉस 15' का हिस्सा नहीं होंगी सुरभि चंदना



टीवी की दुनिया में शबिग बॉस 15श को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। सलमान खान के इस शो में इस बार सिलेब्रिटीज के साथ ही आम लोगों की एंट्री भी होने वाली है। चर्चा है कि शो में रिया चक्रवर्ती से लेकर दिशा वकानी तक हिस्सा लेने वाली हैं। टीवी की दुनिया से एक बड़ा नाम सुरभि चंदना का था। बताया गया कि सुरभि भी शबिग बॉस 15व्य में बतौर कंटेस्टेंट नजर आएंगी। लेकिन अब ऐक्ट्रेस ने खुद इन संभावनाओं से इनकार किया है। सुरभि ने साफ शब्दों में कहा है कि वह शबिग बॉस 15व्य का हिस्सा नहीं होंगी। सुरभि चंद्रना ने यह खुलासा इंस्टाग्राम पर श्आस्क मी एनिथिंगव्य सेशन के दौरान किया। एक यूजर ने ऐक्ट्रेस से पूछा था कि क्या वह शबिग बॉस 15व्य में हिस्सा लेने वाली हैं। इस पर सुरभि ने जवाब दिया कि यह सिर्फ अफवाह है, वह शो का हिस्सा नहीं बनने जा रही हैं। सुरभि ने कहा, श्सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं कहना चाहूंगी कि नहीं, मैं शो में नहीं जा रही हूं। न तो मुझे शबिग बॉस 15व्यके लिए अप्रोच किया गया है और न ही मैं इसमें हिस्सा लेने जा रही हूं।व्य

# पूजा बिष्ट ने फ्लॉड में अपनी भूमिका के बारे में बताया



अभिनेत्री पूजा बिष्ट ने आगामी वेब–सीरीज फ्लॉड में अपनी भूमिका के बारे में जानकारी दी है। पूजा ने कहा, मैं सौम्या का किरदार निभा रही हूं। वह हर किसी की नजर में एक मजबूत, स्वतंत्र लड़की है, लेकिन साथ ही वह अपनी छोटी बहन और मां के साथ उसे छोड़कर दूसरी महिला के लिए अपने पिता की अनुपस्थिति के लिए भी सहन करती है। पूजा के कंधों पर जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, बस प्यार के विचार ने उसे परेशान कर दिया और इस वजह से वह किसी के साथ एक स्वस्थ संबंध बनाने में असमर्थ है और वह खुद को किसी के लिए खोलना नहीं चाहती है। फिर भी वह अपने जीवन में एक छोटा हिस्सा अपने पिता का चाहती है क्योंकि वह जिम्मेदारियों से थक गई है। टूटे हुए लोगों की खुद की तरह एक आंतरिक खोज उसे समय–समय पर बड़े अज्ञात की ओर ले जाती है। इस श्रृंखला में रजनीश दुग्गल, सुमित मानक, अशोक पाठक और सम्राट कपूर भी हैं। इसका निर्देशन धीरज सिंह पडियार ने किया है।

## सिसवा विकासखण्ड के ग्राम शितलापुर में सरकारी सागौन के पेड़ कटने का मामला

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। ग्रामप्रधान पर आरोप तूफान में गिरे पेड़ों की नही कराई नीलामी डीएफओ ने कहा मामला संज्ञान में है जाँच कर होगी सख्त कार्यवाई यूपी के जनपद महराजगंज के विकासखण्ड सिसवा के ग्राम शीतलापुर से एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। यहां तूफान में गिरे सरकारी सागौन के पेड़ को कटवा कर वर्तमान प्रधान अपने घर ला कर रख लिया। जब कि कुछ कीमती पेड़ पहले से कटे हुए है पेड़ कहा है किसी को पता नही । विगत दिनों आए आंधी व तूफान में ग्रामसभा शितलापुर में सरकारी पोखरे के किनारे लगे दो बड़े कीमती सागौन के पेड़ धराशाही हो गए जो अब कटने लगे है। मीडिया की पड़ताल में गिरे पेड़ नवनिर्वाचित ग्रामप्रधान के घर के पास कुछ पेड़ रखे हुए मिले। वहीं सागौन के बागीचे से आधा दर्जन हरे पेड़ भी कटकर गायब है । ग्रामसभा में चर्चा का विषय है और बड़ा सवाल भी उठता है कि ग्रामप्रधान ने बिना किसी सक्षम अधिकारी को सूचित किये पेड़ कैसे अपने घर उठवा के ला रहे। और तो और जो पेड़ बगीचे में अभी भी गिरे पड़े हैं, उनकी अब तक नीलामी क्यों नहीं हो पाई है? हालांकि ग्रामप्रधान का कहना है कुछ जलौनी वाले पेड़ों को काटकर अपने घर के सामने रखवाया हूँ। जबकि वहीं डीएफओ पुष्प कुमार के का कहना है कि सागौन के पेड़ का कटने व पहले से हरे पेड़ की कटान का मामला संज्ञान में आया है। संबंधित रेंजर को जांच हेतु भेजा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी।

## पुलिस डाल डाल तो तस्कर पात पात

**– पुलिस के पकड़ से तस्कर और चालक फरार पटहेरवा थाने के नौगांवा नहर पर तस्करी पकड़ने का पुलिस का दावा**

अमिट रेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। पशु तस्करी का नया आयाम आया सामने डीसीएम के जगह पशु तस्करों ने किया बोलेरो का उपयोग बोलेरो वाहन से तस्करी करले जायी जा रही 04 राशी गोवंशीय पशु को पकड़ने में पटहेरवा थाने की पुलिस को मिली है भारी सफलता पुलिस सूत्रों के अनुसार श्रीमान् पुलिस अधीक्षककुशीनगर श्री सचिन्द्र पटेल के निर्देशन में जनपद में गोवंशीय पशुओं कि तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 07.06.2021 को थाना पटहेरवा पुलिस टीम द्वारा पटहरवा थाना क्षेत्र के नौगांवा गाँव के पास नहर पुलिया से एक अदद बोलेरो वाहन नं0 न्च्35ज्ञ6220 से 03 राशी गाय जिन्दा व 01 राशी गाय मृत बरामद किया गया । बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0– 233ध्21 धारा 429 भादवि, 3ध्5एध्5बीध्8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम बनाम अज्ञात पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पटहेरवा पुलिस को मिली मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक शाहनवाज अहमद सिपाही सूबेदार यादव नीरज कुमार जितेंद्र पाल जितेंद्र गोस्वामी ने नहर की पटरी को गाढ़ा बंदी करके उक्त वाहन को पकड़ने में सफलता हासिल प्राप्त की है पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

## उत्तर प्रदेश के 75 जिले हुए कोरोना कर्फ्यू से मुक्त

लखनऊ, (यूएनएस)। उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर कमजोर होती जा रही है जिसे देखते हुए प्रदेश के सभी 75 जिलों को कोरोना कर्फ्यू से मुक्त कर दिया गया। कल बुधवार को प्रदेश के सभी जिलों में सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक बाजार खोले जाएंगे। हालांकि, सिनेमाघर, मॉल और जिम पर पाबंदी लगी रहेगी। वहीं, रेस्टोरेंट खोलने की अनुमति तो रहेगी लेकिन वहां बैठकर खाने की अनुमति नहीं होगी। रेस्टोरेंट से केवल होम डिलीवरी की जा सकेगी। रात्रिकालीन कर्फ्यू और वीकेंड कर्फ्यू पहले की तरह लागू रहेगा। जारी किए गए निर्देशों के अनुसार, जिन जिलों में 600 से कम संक्रमण के मामले होंगे उन जिलों को कोरोना कर्फ्यू से राहत मिलेगी। अब प्रदेश के सभी जिलों में कोरोना संक्रमितों की संख्या 600 से कम हो गई है। अतरू जिलों को बाजार खोलने की अनुमति दे दी गई है। उत्तर प्रदेश में बीते 24 घंटे में प्रदेश में दो लाख 85 हजार कोरोना टेस्ट किए गए हैं। इसके बावजूद सिर्फ 797 संक्रमण के मामले आए हैं। अब प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या करीब 14000 है। वहीं, पॉजिटिविटी रेट 0.2 फीसदी है। इसके अलावा प्रदेश का कोरोना रिकवरी रेट 97.1 फीसदी है। सोमवार के आंकड़ों के मुताबिक, करीब 40 दिन बाद यूपी में कोरोना संक्रमण से मौतों का आंकड़ा 100 से नीचे आ गया। सोमवार को 727 नए संक्रमित मिले जबकि 81 मरीजों की मौत हो गई थी। सर्वाधिक 24 मौतें कानपुर नगर में हुईं, जबकि नए मरीज केवल 38 मिले हैं।

## वैक्सीनेशन पर सवाल उठाने वाले अखिलेश यादव का यू टर्न! अब लगवायेंगे कोरोना रोधी टीका



लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि वह भी कोरोना वायरस रोधी टीका लगवायेंगे। यादव ने ट्वीट किया, जनाक्रोश को देखते हुए आखिरकार सरकार ने कोरोना वायरस रोधी टीके के राजनीतिकरण की जगह ये घोषणा की कि टीके वह लगवाएगी।

हम भाजपा के टीके के खिलाफ थे पर 'भारत सरकार' के टीके का स्वागत करते हुए हम भी टीका लगवाएंगे व टीके की कमी से जो लोग टीका नहीं लगवा सके थे उनसे भी लगवाने की अपील करते हैं। गौरतलब है कि इस साल जनवरी में जब कोरोना वायरस का टीका आया था, तब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार से पूछा था कि टीकाकरण अभियान कैसे चलाया जाएगा और गरीबों को मुफ्त में टीका कब मिलेगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था कि उन्हें देश के डॉक्टरों पर भरोसा है लेकिन सरकार पर नहीं। उन्होंने कहा था कि एक साल बाद, जब सपा की सरकार सत्ता में आएगी, हम सभी के लिए मुफ्त टीका सुनिश्चित करेंगे। यादव ने यह कहते हुए विवाद भी खड़ा कर दिया था कि वह खुद भाजपा का टीका नहीं लगवाएंगे। हालांकि बाद में उन्होंने कहा था कि वह वैज्ञानिकों का जिक्र नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा था, हमें अपने डॉक्टरों पर पूरा भरोसा है, लेकिन सरकार पर नहीं... यह अच्छा है कि कोरोना वायरस का टीका आ गया है, लेकिन डॉक्टर जो कहते हैं, उस पर विश्वास करें, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर नहीं। सोमवार को समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने कोरोना वायरस रोधी टीका लगवाया था तब भारतीय जनता पार्टी ने अखिलेश यादव को कटघरे में खड़ा किया था। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने ट्वीट किया था, एक अच्छा संदेश, आशा करता हूं कि सपा के कार्यकर्ता और उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष भी अपनी पार्टी के संस्थापक से प्रेरणा लेंगे। वहीं, सोमवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया था, सपा संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव स्वदेशी टीका लगवाने के लिए आपका धन्यवाद। आपके द्वारा टीका लगवाना इस बात का प्रमाण है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा टीके को लेकर अफवाह फैलाई गयी थी। इसके लिए अखिलेश यादव को माफी मांगनी चाहिए।



अनलॉक के दूसरे चरण में सोमवार से दुकानें खोले जाने को लेकर रविवार को सदर बाजार में काफी चहल–पहल दिखी थी। व्यापारियों ने सोमवार से बाजार को ऑड–इवन के फार्मूले से खोलने की तैयारियां कीं। जगह–जगह दुकानों पर इसके लिए मार्क बनाए गए हैं।

## कोरोना से मृत कार्मिक परिजनों को एक करोड़ अनुग्रह राशि दी जाए: द्विवेदी

***एक माह की मृत्यु समयावधि की बाध्यता समाप्त की जाए***

लखनऊ, (यूएनएस)। डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने पंचायत निर्वाचन कार्य में लगाए गए कार्मिकों के कोविड 19 सक्रमण से मृत्यु की दशा में मृत कार्मिक के औसतन आयु और वेतन के आधार पर परिजनों को न्यूनतम एक करोड़ की अनुग्रह राशि दिये जाने की मांग की है। कोविड़ पीड़ित की मृत्यु की समयावधि को 30 दिन की बाध्यता से मुक्त करने के साथ आश्रितों को शैक्षिक योग्यता के अनुसार शीघ्र अतिशीघ्र नियुक्ति और कोरोना से मृत कार्मिकों को शहीद का दर्जा दिये जाने की मांग की गई है। संघ के अध्यक्ष इं. एन.डी. द्विवेदी ने कहा कि संघ द्वारा कोविड काल में बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राज्य सरकार को आठ अप्रैल को पंचायत चुनाव ड्यूटी में लगाए गए कार्मिकों को पर्याप्त संसाधन, कोविड 19 गाइड के शतप्रतिशत अनुपालन की मांग की गई थी लेकिन इसका पचास प्रतिशत भी अनुपालन नही हुआ। इसके उपरान्त 17 अप्रैल को ड्यूटी में लगाए गए तीन अवरध सहायक अभियंताओं की कोविड से मृत्यु के उपरान्त संघ ने राज्य सरकार और निर्वाचन आयोग को पत्र प्रेषित कर निर्वाचन में कोविड–19 गाइडलाइन पालन ना हो पाने के कारण साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए निर्वाचन को स्थगित करने एवं मृतक आश्रितों को एक करोड़ की अनुग्रह राशि दिये जाने की मांग रखी थी । बाद में उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने भी सरकार को मई के पहले सप्ताह मे एक करोड़ की अनुग्रह राशि देने पर विचार करने को कहा था। इं. एन.डी. द्विवेदी ने लोक निर्माण विभाग में कार्यरत 40 अवर,सहायक अभियंताओं की कोरोना काल में मृत्यु की जानकारी देते हुए एक बार फिर अवगत कराया कि संघ द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्र में त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव डियुटी में लगाए गए अवरध सहायक अभियंताओं कोविड 19 प्रोटोकाल के अन्तर्गत पीपीई किट, वैक्सीनेशन, प्रशिक्षण, नामांकन स्थल, मतदान सामग्री वितरण स्थल, मतदान बूथ, मतदान सामग्री जमा कराने के दौरान कोविड गाइड का अनुपालन सत प्रतिशत अनुपालन कराए जाने की मांग की गई थी लेकिन दुर्भाग्यवश कोविड–19 मापदण्डों का पूर्णतया अनुपालन नही हुआ। इसके कारण चुनाव डियुटी में लगे अधिकांश अवरधसहायक अभियंता स्वंय संक्रमित हुए और अन्जाने में यह संक्रमण उन्होंने अपने परिजनों को भी परोस दिया।

## मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना संचालित:जिला ग्रामोद्योग अधिकारी

अमिटरेखा ब्यूरो देवरिया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया है कि राज्य सरकार द्वारा उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्री के बेरोजगार नवयुवक ध नवयुवतीयो परम्परागत स्वरोजगार हेतु मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना संचालित की गयी है जिसमें विभाग द्वारा योजनाओं का आनलाईन कियान्वयन किये जाने की व्यवस्था की गयी है। जिसका विभागीय वेबसाईट www-upkvib-gov-in उपलब्ध है। विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में 18 से 50 वर्ष तक के ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षित बेरोजगार व्यक्ति अधिकतम 10.00 लाख रुपये तक के उत्पादन एवं सेवा आधारित उद्योग की स्थापना कर सकते है। इस योजना का लाभ परिवार के एक ही व्यक्ति को मिल सकेगा। जिसमें नई इकाई स्थापित की जानी होगी। आवेदन पत्र शिक्षित बेरोजगार व्यक्ति एवं परम्परागत कारीगरों, पालिटेक्निक, आई०टीआई0 के लाभार्थियों को निर्धारित वांछित प्रपत्र यथा– उद्यमी का पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक योग्यता, प्रधान द्वारा अनापत्ति एवं जनसंख्या प्रमाण पत्र,आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (सामान्य को छोड़कर), निवास प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट (सी०ए० द्वारा), कार्यस्थल का नजरी नक्शा, पोर्टल पर अपलोड करते हुए निर्धारित विवरणानुसार स्कोर कार्ड पूर्ण कराना अनिवार्य होगा। इस योजना अन्तर्गत पूजीगत मद पर 4: ब्याज सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को वहन करना होगा। शेष ब्याज शासन से अनुमन्य है। आरक्षित वर्ग में अनु0जाति, अनु०जनजाति, पिछडा, अल्पसंख्यक, महिला, भूतपूर्व सैनिक एवं विकलांग व्यक्तियों को पूंजीगत मद मे वितपोषित धनराशि पर समस्त व्याज इकाई के कार्यरत रहने की दशा में 5 वर्ष तक शासन से अनुमन्य है। इस योजना अन्तर्गत विशेष जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय जिला पंचायत भवन देवरिया में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

## बहियारी बघेल और कुईचवर गांव के ग्रामप्रधान अपने गांव को विकाश की ओर ले जाने को संकल्पित

अमिटरेखा रजनीश पटेल

भाटपाररानी देवरिया। तहसील क्षेत्र के ग्राम बहियारी बघेल के लोकप्रिय ग्रामप्रधान गया सिंहऔर कुइचवर के ग्रामप्रधान पंजाबी यादव ने अपने गांव के चारो तरफ पूरे गाँव को सेंटराईज कोरोना से बचने के लिये कराया तथा अपनी जीत के लिये सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया । उन्होंने अपने जीत का मुख्य श्रेय अपने गांव के सम्मानित मतदाताओं को दिया । ग्रामप्रधान गया सिंह और ग्रामप्रधान पंजाबी यादव ने बताया कि हमलोगों का सिर्फ एक संकल्प है अपने गाँव को साफ – सुथरा बनाते हुवे विकास करना हमारे गाँव मे किसी भी प्रकार जनसेवा हेतु संसाधनों की कमी न होना । हमलोग अपने गाँव के सभी गरीब मजदूर दलित तथा सभी महिलाओं के साथ अपने गाँव के सभी लोगो का चाहे वह किसी भी जाति धर्म के हो उन सभी लोगो को सरकार की सभी योजनाओं से लाभान्वित कराना । गांव की जनता ने मेरा सम्मान किया है मैं भी अपने गांव की जनता का सम्मान करूंगा उनके सुख–दुख मैं हमेशा हर समय सम्मिलित रहूंगा तथा गांव के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोडूंगा अपने गांव में बिजली व्यवस्था तथा पानी के निकास के लिए सुव्यवस्थित नाली वह गांव की सभी सड़कों का नए सिरे से बनवाउँगा जिससे हमारे गांव के ग्रामवासियों को कोई भी परेशानी का सामना न उठाना पड़े । अंत में महामारी कोरोना से बचने के लिए अपने गांव के मतदाताओं को यह संदेश भी दिया कि सभी लोग अपने घर के अंदर रहे बहुत जरूरत पड़ने पर घर के बाहर निकले सामाजिक दूरी बनाए रखें हमेशा मास्क पहने रहें तथा अपने हाथ को हमेशा साबुन से धोते रहें जिससे हम लोग महामारी कोरोनावायरस हरा दे । उक्त अवशर पर गाँव के अनेको ग्रामीण मौजूद थे । जनता की सुविधा के लिए ग्रामप्रधान पंजाबी यादव गाँव के सभी टूटी सड़को का मनरेगा मजदूरों द्वारा मरम्मत करा रहे थे ।

## पूर्व पार्षद ने मांगी स्वास्थ्य विभाग की जानकारी

अमिटरेखा ब्यूरो गोरखपुर। जन सूचना अधिनियम तहत आठ बिंदुओं के माध्यम से दिया आवेदन पत्र शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर जहां एक तरफ विभाग अपने कार्यों पर जोर दे रहा है तो वही शहर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्य के प्रति खर्च को लेकर 7 मई को पूर्व पार्षद शशांक शेखर त्रिपाठी ने नगर निगम के जन सूचना अधिकारी से आवेदन देकर 8 बिंदुओं के माध्यम से जानकारी मांगी है जिसमें वित्तीय वर्ष 2020 21 एवं 21 22 का जिक्र किया गया है मालूम हो कि विगत 2 महीने से नगर निगम प्रशासन अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ सफाई व्यवस्था एवं अन्य कार्यों से संबंधित निगाहे जमाया हुआ है और क्षेत्रीय निरीक्षण कर जानकारी हासिल कर रहा है वहीं विभागीय अधिकारी कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं नए–नए रणनीत के कार्यों का निस्तारण करने की योजना बन रही है वहीं दूसरी तरफ विभागीय कार्यों से संबंधित पूर्व पार्षद शशांक शेखर त्रिपाठी ने जन सूचना अधिनियम 2005 के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग से संबंधित जानकारी मांगी है जिसमें वित्तीय वर्ष 2020 और 2021 के अंतर्गत नाले सफाई में संबंधित कर्मचारियों का भुगतान, प्रति महीने और पूरे वर्ष में कितना खर्च किया गया है, कूड़ा निस्तारण एवं वाहनों के तेल का खर्च वाहन चालकों की जानकारियां खरीदे गए सफाई उपकरण एवं विभिन्न गैंग के माध्यम से कर्मचारियों पर खर्च का ब्यौरा डीजल पर खर्च एव टैंकर पर लगाए गए उपकरणों का कंपनी एवं खर्च से संबंधित, साथ ही 2021 और 22 के अंतर्गत विगत 3 महीनों में नाली सफाई पर खर्च कितना आया है का जिक्र किया गया है 8 बिंदुओं के माध्यम से जानकारी मांगी है देखना है कि विभाग अपनी रिपोर्ट में क्या सम्मिलित करके प्रेषित करता है यह तो आने वाला समय बताएगा यह आवेदन पत्र को ठंडे बस्ते में डाल देगा।

## कोरोना की चुनौतियों से निपटने के लिए पाठ्यक्रम तैयार करें विश्वविद्यालय: योगी आदित्यनाथ



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य्यमंत्री योगी आदित्य्यनाथ ने सोमवार को उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करने के निर्देश देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों को नर्सिंग, फार्मेसी, बायो केमिस्ट्री तथा बायो टेक्नोलॉजी के नवीन पाठ्यक्रम तैयार करने चाहिए ताकि भविष्य में कोरोना जैसी महामारियों की चुनौती से निपटा जा सके। यहां जारी एक सरकारी बयान के अनुसार, मुख्य्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के मद्देनजर विश्वविद्यालयों द्वारा नर्सिंग, फार्मेसी, बायो केमिस्ट्री तथा बायो टेक्नोलॉजी के नवीन पाठ्यक्रम तैयार करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में कोरोना जैसी महामारियों की चुनौती से निपटा जा सके। सोमवार को मुख्यमंत्री के समक्ष उनके सरकारी आवास पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नये राज्य विश्वविद्यालयों के संचालन, राजकीय महाविद्यालयों के भवन निर्माण एवं उनकी स्थापना तथा निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया गया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण तैयार किया जाए ताकि "हमें प्रतिभावान जनशक्ति उपलब्ध हो सके और वर्तमान परिस्थितियों एवं भविष्य की चुनौतियों के परिप्रेक्ष्य में सभी विश्वविद्यालयों द्वारा पाठ्यक्रमों का निर्धारण किया जाना चाहिए।

## बदमाशों ने 500000 की व्यापारी से मांगी रंगदारी कहा कि चाचा और पिता की तरह हत्या कर दूगा तुम्हारी, धमकी!

अमिट रेखा व्यूरो प्रतापगढ। अज्ञात बदमाशों ने फोन पर व्यापारी से रुपया 500000 की रंगदारी मांगी इसके पूर्व बदमाशों ने रंगदारी न देने पर अनुभव के चाचा और पिता की गोली मारकर कर दी थी । फोन आने से व्यापारी दहशत में पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। थाना कोहंडौर कस्बा के निवासी अनुभव पुत्र स्वर्गीय श्यामसुंदर जयसवाल ,कोहंडौर बाजार में सीमेंट सरिया मोरंग की दुकान किए हुए हैं।

रविवार शाम से लेकर मंगलवार की सुबह तक कई बार अनजान नंबर से आया फोन पर रुपया 500000 की रंगदारी मांगी गई 5 दिन में रुपए ना देने पर पिता और चाचा की तरह हत्या करने की धमकी दी ,रंगदारी मांगने का फोन आने से परिवार के लोग डरे सहमे हैं।

इसके पूर्व अनुभव के चाचा श्याममूरत जायसवाल को इंटरनेशनल कॉल आई थी मई 2018 में पहले रुपया 500000 बाद मे 20 लाख रूपये रंग दारी मांगी गई थी रंगदारी न देने पर श्याममूरत व बड़े भाई श्यामसुंदर जयसवाल को 30 जुलाई 2018 की रात 8.00 बजे बदमाशों ने दुकान के अंदर गोली मारकर हत्या कर दी थी दोनों भाइयों की हत्या में हब्बू सरोज साथी सद्दाम अभिषेक राका जेल गए थे।

धमकी से डरे सहमे व्यापारी अनुभव दुकान बंद कर दी है डर के कारण पूरा परिवार घर के अंदर ही कैद हैं ।एसो कोहंडौर बच्चे लाल प्रसाद ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके व्यापारी की सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है पुलिस मामले की गहराई से छानबीन कर रही है जल्द ही मामले मे कार्यवाही की जायेगी।

## जनता की नेकी



जनता तू बड़ी नेक , जनता का कार्य सचमुच अनेक।
जनता जिस पर हो जाए खुश , उसका छूट जाता दुःख।
जनता की होती पूजा, जनता से मजबूत कोई न दूजा।
गांव देश जनता की ख्याती , जनता पर बरसती लाठी।
जनता पूछी एक सवाल, किस नेकी का मिला जबाब।
जनता मांगे हितैषी सिपाही , जनता से हुई रुसवाई।
आ गई जनता की बारी , जनता ने ले ली अंगडाई।
नई किरण की आस लगाई , पुनः जनता ने नेकी दिखाई।

राजू प्रसाद श्रीवास्तव
प्रदेश प्रभारी
दैनिक अमितरेखा
9792617070

## आम के पेड़ से लटकी मिली युवक की लाश

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। महराजगंज जिले के कोठीभार थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव में मंगलवार सुबह एक युवक की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। युवक की लाश सुबह नहर के किनारे आम के पेड़ पर रस्सी के सहारे लटकती मिली। पेड़ पर शव देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची कोठीभार पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। कोठीभार थाना अंतर्गत कोलहुआ निवासी मधु मल्लाह (19) वर्ष पुत्र राजू मल्लाह सुबह युवक की लाश कोल्हुआ गांव के नहर किनारे आम के पेड़ पर रस्सी के सहारे लटकती मिली। खेत की ओर गए गांव के लोग पेड़ पर शव देख अवाक रह गए। युवक के आत्मघाती कदम उठाने की जानकारी परिजनों को हुई तो रोते–बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया की दिमागी हालत ठीक नहीं था इस सदर्भ में थानाध्यक्ष धनवीर सिंह का कहना है की युवक की लाश आम के पेड़ पर रस्सी के सहारे लटकती मिली। जिसकों पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## एसडीएम और सीओ ने पुलिस बल के साथ लिया विवादित गांव का लिया जायजा

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। महराजगंज जिले के कोल्हुई थाना क्षेत्र के विवादित गांव गुर्चिहा में हुई दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष को लेकर उपजिलाधिकारी फरेंदा अभय कुमार गुप्ता और सी ओ सुनील कुमार दूबे ने भारी पुलिस बल के साथ गांव का दौरा किया।तथा मिलने जुलने वालों से निश्चिंत होकर अपना काम करने और विवादों से दूर रहने की अपील की।बताते चले की बीते दिनों हुई खूनी संघर्ष में दोनों पक्षो के करीब तीन दर्जन लोग घायल हुई थे और कुछ सीसीटीवी फुटेज और विडियों भी सामने आये थे । जिसको लेकर प्रशान अलर्ट हो गया और गुर्चिहा गांव में शान्ति कायम रखने के लिए भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दिया है । मामले को बढ़ता देख पुलिस ने दोनों पक्षों के करीब 100 लोगों के खिलाफ गम्भीर धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है । वही अब गांव में कई मकानों पर यह घर बिकाऊ भी लिख दिया गया है ।मामला बीजेपी नेता और हिन्दू युवा वाहिनी नेता के बीच के होने के वजह से पुलिस के भी पसीने छूट रहे है । वही इस सम्बन्ध मे पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दूबे ने बताया की जमीनी विवाद मारपीट हुआ था पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जो दोषी है उनके खिलाफ शक्त कार्वाही की जाएगी।

## आशनाई के चक्कर में गला रेत कर हत्या के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने महज 4 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

अमित रेखा ब्यूरो गोरखपुर। गुलहरिहा थाना क्षेत्र में घटी इस घटना के आवरण में सरहरी पुलिस लग गई।और महज 4 घंटे के अंदर आरोपी विशाल उर्फ माथुर पुत्र रामकिशन निवासी सेवई टोला ठाकुरपुर नंबर 1 थाना गुलरिया जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया और घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया अवैध संबंध हमेशा अपराध को जन्म देती है।लेकिन अपराध होने के बाद किसी को कुछ भी हासिल नहीं होता है।और अपराधी को अपनी जिंदगी सलाखों के पीछे बितानी पड़ती है।मामला गुलरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सरहरी चौकी क्षेत्र का है जहां विगत 7 तारीख को करीब 8रू00 बजे एक व्यक्ति की गला काटकर हत्या के प्रयास किया जाता है और आरोपी उसको मृत समझकर वहां से चला जाता है लेकिन पीड़ित की जान बच जाती है।लेकिन अस्पताल में वह अभी वो जिंदगी की जंग लड़ रहा है।

## समाजसेवी संजय शुक्ल ने भागवताचार्य पं. शेषधर मिश्र अनुरागी को किया सम्मानित

अमित रेखा ब्यूरो प्रतापगढ़। सांगीपुर के बसुआपुर लक्ष्मीकांतगंज की निवासी कमला देवी के आवास पर चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के उपरांत समाजसेवी पत्रकार संजय शुक्ल ने भागवताचार्य कथा व्यास पं. शेषधर मिश्र एवं उनके सहयोगीगणों सहित आयोजक सुरेंद्र मिश्र को अंगवस्त्रम व श्रीरामचरितमानस पुस्तिका भेट करके सम्मानित कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।तदुपरांत व्यास मंच से भागवत कथाकार पं. शेषध ार मिश्र ( अनुरागी ) जी महाराज ने समाजसेवी सहित क्षेत्र से आये हुए तमाम गणमान्य लोगों का राधे– राधे नाम की पट्टिका से सम्मानित कर उनका गौरव बढ़ाया। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र से आये पत्रकारों अर्थात चतुर्थ स्तंभों का भी मान – सम्मान बढ़ाते हुए कहा कि सभी को आगे लाने व विभिन्न प्रकार के धार्मिक एंव जन सरोकार से जुड़े खबरों को जन – जन तक प्रकाश में लाने मे महती भूमिका होती है । सम्मानों की श्रृंखला में श्री राम जानकी पीठ बाबा घुश्मेश्वर नाथ धाम से पधारे भागवताचार्य बाल संत उमापति दास जी महाराज, समाजसेवी संजय शुक्ल, जय कौशल ( वैश्य ), अनिल शुक्ल राजा, प्रमोद तिवारी एवं आराधना मिश्रा ( मोना ) के सोशल मीडिया प्रभारी त्रिभू तिवारी, पत्रकार एकता संघ प्रयागराज के मण्डल प्रभारी एंव तहसील प्रभारी सहारा जीवन, जिलाध्यक्ष मीडिया प्रकोष्ठ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा दिल्ली पंजीकृत आदि पदों पर सुशोभित शुभम श्रीवास्तव, एनआई न्यूज एजेंसी दिल्ली के पत्रकार शुभम तिवारी, पं. उपेंद्र मिश्र, आचार्य बसंत मिश्र सरस्वती विद्या मंदिर लालगंज, कैलाशपति मिश्र, शशि पाण्डेय, नरेंद्र मिश्र, कुलदीप मिश्र, रुद्र धर मिश्र, रामदेव तिवारी, सुनील सिंह, शंभुनाथ मिश्र, फूल चंद्र मिश्र, मोनू तिवारी, वीरेंद्र शुक्ल, धीरेंद्र शुक्ल, चंद्र भान तिवारी, आदर्श मिश्र, विकास दुबे, श्यामजी मिश्र, मुन्ना मिश्र आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बढ़ती बेरोजगारी व मंहगाई पर राष्ट्रवादी विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनूप श्रीवास्तव ने सरकार को घेरा

### – वर्चुअल बैठक में पत्रकारों, वकीलों और स्वास्थ कर्मचारियों के लिए भी संघर्ष करने की घोषणा

राजू प्रसाद श्रीवास्तव (प्रदेश प्रभारी)

अमितरेखा लखनऊ। राष्ट्रवादी विकास पार्टी ( आर वी पी ) ने देश–प्रदेश की राजनीति में खुद की मजबूत दावेदारी प्रस्तुत करने की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनूप कुमार श्रीवास्वत ने एक वर्चुअल बैठक के माध्यम से कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के परिदृश्य में अधिकतर राजनीतिक पार्टियां सत्ता के लालच में अपने चुनावी वादों को भूलकर सिर्फ जनता के शोषण व भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुकी हैं।




उन्होंने सरकार को भी घेरने की कोशिश की और कहा कि गलत नीतियों के चलते आज चारों तरफ बेरोजगारी और मंहगाई बेतहासा बढ़ रही है। इसके चलते भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो रही है। किसान सड़कों पर प्रदर्शन करने को मजबूर हैं और पेट्रोल–डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं। चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ है। डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रवादी विकास पार्टी का उद्देश्य है– 'न जाति न धर्म, सबसे पहले देश हमारा। न प्रांत न भाषा, सबसे पहले देश है प्यारा।' इसी सोच के अनुरूप राष्ट्रवादी विकास पार्टी लगातार आगे बढ़ रही है। उन्होंने पार्टी का लक्ष्य 'स्वस्थ भारत, सशक्त भारत और समृद्ध भारत' बताया और इस सपने को साकार करने पर जोर देते हुए कहा कि यह तभी संभव होगा जब हम सभी अपनी–अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि उनकी पार्टी जनमानस के साथ–साथ वकीलों, पत्रकारों और कोविड के वजह से अपने जीवन से हाथ दो रहे स्वास्थ कर्मचारियों की लड़ाई भी लड़ेगी। सत्ता के माध्यम से उनको वे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी जिनसे आज तक ये लोग वंचित रहे है।

उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रवादी विकास पार्टी ने रविवार 6 जून शाम को एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया था। यह बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनूप कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सफल बताई गई है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को देश–प्रदेश की राजनीति में अपनी पूरी पकड़ बनाने के लिए सन्देश दिया कि आने वाले समय में राष्ट्रवादी विकास पार्टी जन समस्याओं के निदान व राष्ट्रवादी सोच के साथ जनमानस के बीच जाएगी और प्रदेश व देश की राजनीति में अपनी मजबूत दावेदारी कैसे प्रस्तुत करेगी। इसकी रूपरेखा भी उन्होंने तय करते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए सभी को अपनी–अपनी जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी। डॉ श्रीवास्तव ने सभी को ग्रासरूट पर जाकर स्थानीय समस्याओं के निदान का प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया और जिला स्तर व बूथ लेबल तक अपने कार्यकर्ताओं को तैयार करके पार्टी से जोड़ने का आवाहन भी किया है।

'महिलाओं की सहभागिता की वकालत'

महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष किरन श्रीवास्तव ने पार्टी को आगे बढ़ाने व जनमानस में उपस्थिति दर्ज कराने के लिए घरेलू महिलाओं की समस्याओं के समाधान की जरूरतों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी को आगे ले जाने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं की उपस्थिति व सहभागिता सुनिश्चित करनी पड़ेगी।

'उच्चस्तरीय कमेटी का गठन'

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) ब्रिगेडियर अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आर वी पी सर्व धर्म, सर्व समुदाय और सर्व जाति सम्पन्न पार्टी है। इसमे सभी धर्मों व समुदायों को उनकी धार्मिक मान्यताओं व विचारों के साथ स्वागत किया जाता है और सम्मान दिया जाता है। ब्रिगेडियर श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि लखनऊ के पार्थ श्रीवास्तव प्रकरण में समयानुसार परिजनों को न्याय दिलाने के लिए पार्टी की ओर से एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया गया है।

'पात्र नागरिकों को दिलाएंगे 15 लाख की आर्थिक सहायता'

पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रवादी विकास पार्टी आने वाले समय में समस्त देशवासियों को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराएगी और समस्त पात्र नागरिकों को शर्तों के साथ 15 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी। अन्य वक्ताओं ने भी पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर बल दिया और जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को उठाने तथा उसके निदान के लिए प्रयास करने पर बल दिया। इसके अलावा बूथ लेबल पर पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

'बैठक में इन वक्ताओं ने भी रखे अपने विचार'

वर्चुअल बैठक का संचालन कोकॉर्डिनेटर रुपेश जौहरी ने किया। उनके अलावा प्रियंका श्रीवास्तवा, अभिषेक अरोरा, अजय कुमार सिंह, अमित कुमार, अजय श्रीवास्तव, संदीप, राहुल श्रीवास्तव, विमला, राष्ट्रीय प्रवक्ता अश्वनी श्रीवास्तव, राकेश, प्रदेश अध्यक्ष पूर्वी रजनीश श्रीवास्तव, बिहार प्रदेश महासचिव प्रियरंजन आदि ने भी अपने–अपने विचार रखे। सभी ने पार्टी की इस ऑनलाइन बैठक का स्वागत किया और सत्ता नहीं जन सेवा की भावना से जनता के बीच अपनी पहचान बनाने पर बल दिया।

## भाजपा नेत्री इशु चौरसिया ने राशन वितरण किया

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। आज फरेंदा विधानसभा के मथुरानगर ग्रामसभा स्थित फुलवरिया के अनुसूचित जनजाति के बस्ती में



राहत सामग्री (राशन) का वितरण करते हुए उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए फरेंदा विधानसभा की भाजपा नेत्री इशु चौरसिया (सह–संयोजक, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश) ने जनता को संदेश देते हुए कहा कि आपकी सुख–दुःख में सहायता हेतु आपके बीच उपस्थित रहने हमारे लिए सौभाग्य की बात है, हमारी आवश्यकता पड़ने पर फोन या प्रतिनिधि मंडल के माध्यम से हमसे संपर्क कर सेवा का अवसर देते रहें। इस बीच ऋषि चौधरी, इंद्रजीत चौरसिया, विजय जी, आकाश अग्रहरि, मनीष अग्रहरि, सुधांशु पांडेय इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत भटनी ने हटवाया अतिक्रमण

अमितरेखा–परवेज आलम

भटनी देवरिया। दिन सोमवार को नगर पंचायत भटनी ने बाजार में स्थित प्रदीप कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय जंग बहादुर



गुप्ता, गाँधी चौक चूड़ागली वार्ड नम्बर 11ठाकुर द्वारा नाली व रोड पर अतिक्रमण किया गया था और इस कारण बराबर ही वहां का आवागमन भी बाधित होता था। इसके बाद वार्ड सभासद और मोहल्ले वासियों के प्रार्थना पत्र के बाद नगर पंचायत द्वारा इस अतिक्रमण को हटाने हेतु बार–बार नोटिस दिया गया।इसके बावजूद भी उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा था।फिर कड़ा कदम उठाते हुए नगर पंचायत भटनी बाजार द्वारा जेसीबी के माध्यम से इस अतिक्रमण को हटाया गया।यह भी खबर है कि इस कार्यवाही पर आने वाले खर्चे की भरपाई अतिक्रमणकारियों से की जायगी जिसके वसूलने की तैयारी में नगर पंचायत कार्यवाही में जुटी है।इस कार्यवाही के दौरान ईओ मंगला प्रसाद यादव व बड़े बाबू सुग्रीव गोड़ कई कर्मी के अलावा पुलिस बल में सन्तोष कुमार आदि भी मौजूद रहे। नगर पंचायत के नगर अध्यक्ष डॉ. बलराम जायसवाल व अधिशासी अधिकारी मंगला प्रसाद यादव ने कहा नगर के अंदर इस तरह का अतिक्रमण नियम विरुद्ध है और अगर आने वाले समय मे भी किसी के द्वारा ऐसा अतिक्रम कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## स्वास्थ्यकर्मियों का करें सम्मान, अंग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं की सलाह मानें:सीएमओ

### – भेदभाव और दुर्व्यवहार के कारण मनोबल पर असर पड़ने से लड़ाई हो जाएगी कमजोर

### – कोविड में दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए घर–परिवार की चिंता छोड़ निभा रहे हैं फर्ज

राजू प्रसाद श्रीवास्तव ( प्रदेश प्रभारी)

अमितरेखा गोरखपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधाकर पांडेय ने जनपदवासियों से अपील की है कि वह स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मान दें और अंग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता कोविड के संबंध में जो भी परामर्श दे रहे हैं उस पर अमल करें। चिकित्सक, स्टॉफ, पैरामेडिकल, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम कोविड की रोकथाम और लोगों की सुरक्षा के लिए घर–परिवार को छोड़ कर फर्ज निभा रहे हैं। ऐसे में भेदभाव और दुर्व्यवहार से उनके मनोबल पर बुरा असर पड़ सकता है और कोविड के खिलाफ लड़ाई कमजोर पड़ सकती है। इसके साथ ही अगर किसी भी स्वास्थ्यकर्मी और अंग्रिमपंक्ति कार्यकर्ता के साथ कोई दुर्व्यवहार करेगा तो स्वास्थ्य विभाग उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के लिए विवश होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिले में कोरोना संभावित की खोज, कोविड जांच करवाने, मेडिकल किट बांटने, कोविड टीकाकरण करवाने, नियमित टीकाकरण करवाने, मातृ–शिशु देखभाल समेत कई कार्यक्रमों का दारोमदार आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम पर है। सर्विलांस के कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी अहम योगदान दे रही हैं। कोविड काल में जहां एक तरफ लोगों को घरों में सुरक्षित रहना है, वहीं इन लोगों को प्रोटोकॉल के साथ लोगों के बीच काम करना होता है। कई कार्यकर्ता इस दायित्व को निभाने के लिए अपने घर में ही अपनों से आइसोलेट रह रहे हैं। चिकित्सक, स्टॉफ और पैरामेडिकल भी परिवार और छोटे–छोटे बच्चों से आइसोलेट होकर दायित्व निभा रहे हैं। ऐसे लोगों का सम्मान होना चाहिए न कि भेदभाव या दुर्व्यवहार। यह सभी लोग जनसमुदाय की मदद के लिए सक्रिय हैं और इस अभियान में सफलता तभी मिल पाएगी जब समुदाय की तरफ से भी सद्भावनापूर्ण व्यवहार अपनाया जाए।

**'सुरक्षित तरीके से मिलेंगे तो नहीं होगा कोविड'**

किसी भी चिकित्सक, स्टॉफ, अंग्रिम पंक्ति कार्यकर्ता से अगर लोग कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मिलेंगे तो कोविड प्रसार का खतरा नहीं होगा। यह सभी सतर्क लोग हैं जो समय–समय पर कोविड स्क्रीनिंग और जांच करवाते रहते हैं, ऐसे में इनसे मिलना और इनकी बात सुनना सुरक्षित है। बस ध्यान रखना है कि दो गज की दूरी, मॉस्क और स्वच्छता का पालन अवश्य हो। परोक्ष और प्रत्यक्ष स्पर्श से बचना है। अगर किसी को स्वास्थ्यकर्मी और अंग्रिम पंक्ति के किसी व्यवहार पर आपत्ति है तो उसका भी पक्ष स्वास्थ्य विभाग अवश्य सुनता है, लेकिन दुर्व्यवहार हुआ तो कड़े कदम उठाए जाएंगे।

## ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी के लिए शुरू हुआ पैतरे बजी

### – क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बल्ले–बल्ले

अमित रेखा – राकेश कुमार वर्मा

दुदही – कुशीनगर। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख पदों के लिए समर्थन जुटाने के लिए जोड़–तोड़ शुरू हो गई है। इसके लिए प्रत्याशी हर हथकंडा अपना रहे हैं। यूपी में पंचायत चुनाव के बाद सबकी निगाहें अब जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख के चुनाव पर टिकी हैं। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण इस चुनाव को टाल दिया गया था परंतु अब राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है अधिसूचना जारी होते ही अपने अपने क्षेत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख प्रत्याशियों की सरगर्मी तेज हो गई है। साथ ही क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) जो ब्लाक प्रमुख के चुनाव में अहम भूमिका निभाते हैं प्रत्याशियों के ऊपर अपनी सतर्क दृष्टि जमाए हुए हैं और उनके गुण दोष की विवेचना करने में लगे हुए हैं। वही प्रत्याशी भी अपने–अपने पक्ष में क्षेत्र पंचायत सदस्यों को करने के लिए मेहनत करते हुए दिखाई दे रहे हैं जिससे कि आसानी से अपनी जीत को सुनिश्चित कर सकें। कई जगहों पर तो क्षेत्र पंचायत सदस्यों को रिझाने के लिए दावत एवं सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाने लगा है।

## शराब पीने के बाद आपस में मारपीट एक की हालत गंभीर

अमित रेखा– महताब आलम

समउर बाजार – कुशीनगर। जनपद के पटहेरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरैना कटेया रगड़गंज बाजार में एक साथ शराब पीने बाद आपस में मार पीट कर लिए जिसके बाद एक को काफी गंभीर चोटें आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटहेरवा थाना क्षेत्र के रगड़गंज बाजार में रविवार की देर शाम दो लोग एक साथ बैठ कर शराब पी रहे थे और दोनों में जान पहचान पहले से थी लेकिन अचानक किसी बात को लेकर नशे में आपसी विवाद हो गया बात इतनी बढ़ गयी कि मारपीट तक होने लगी जिससे एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आ गई मौके पर मौजूद कुछ लोग बीच बचाव किए तथा चोटिल व्यक्ति को किसी तरह तमकुही सीएचसी पर भेजवाया गया जहा डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया उसकी स्थिति गंभीर होने की वजह से गोरखपुर रेफर कर दिया गया लेकिन वहा से उपचार के बाद परिजन उसे घर लेकर आ गए है परन्तु समाचार लिखे जाने समय तक उसकी स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। चोटिल व्यक्ति का नाम दीपू पुत्र बासदेव है उसके पिता की बहुत पहले मृत्यु हो चुकी है गांव पर उसकी मां और एक भाई है एवं वह उपरोक्त थाना अंतर्गत हरपुर बेलही गांव में एक आर्केस्ट्रा में काम करने के साथ साथ आर्केस्ट्रा संचालक के यहां भी काम करता है। उधर घटना की सूचना मिलते ही समउर बाजार चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार हेड कांस्टेबल सुनील सिंह कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, जयहिंद व अन्य पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच मामले की छानबीन किए और बताया की चोटिल व्यक्ति का इलाज चल रहा है। तथा उक्त प्रकरण में शामिल लोगों से पूछ ताछ किया जा रहा है जो भी इस प्रकरण में सामिल व दोषी होगा उसपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संस्कृत भाषा को सर्व सुलभ बनाने में योगदान दे रहे हैं:डॉ. अखिलेश कुमार पाण्डेय

अमित रेखा ब्यूरो प्रतापगढ़। संस्कृत का गौरवशाली इतिहास एवं उसकी यह परंपरा निश्चित रूप से समृद्धशाली रही है। इस परंपरा को आगे बढ़ने में कुछ संस्कृत प्रेमियों का , विद्वानों का महत्वपूर्ण योगदान है। ऐसे ही आज कल ऑनलाइन माध्यम से संस्कृत भाषा को सरल करके पढ़ाने का तरीका डॉ. अखिलेश कुमार पाण्डेय जी कर रहे हैं।

## विद्युत उपकेंद्र सेवरही में लो वोल्टेज से परेशान नगर वासियों ने कि विधायक से शिकायत दर्ज

अमितरेखा – कृष्णा यादव तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर। जनपद में सेवरही अंबेडकरनगर में लो वोल्टेज के समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू जायसवाल के नेतृत्व स्थानीय लोगों के साथ तमकुही राज के लोकप्रिय विधायक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू से मिल अम्बेडकर नगर के बिजली के समस्याओं को लेकर बात कही जिसको देखते हुए ।

तत्काल मौके से ही एक्सीएन साहब को फोन करके ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही तो एक्सीएन साहब ने जेई बिकास शाहनी को मौके पर भेज ट्रांसफार्मर लगाने का जगह निश्चित किया सौर ट्रांसफार्मर बनाने के लिए सेड निर्माण कराने को कहा जिसका पुरी खर्च तमकुही राज के लोकप्रिय बिधायक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने उठाने की बात कही जिसमें अम्बेडकर नगर के आम जनता को लो वोल्टेज की समस्या खत्म हो सके विधायक जी के सराहनीय प्रयास को लोगों ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू जायसवाल जाकिर हुसैन हफीज मियां दिपु केशरी रामजी केशरी भरत केशरी सभासद प्रतिनिधि रिंकु गौतम अनील गुप्ता रवि मद्धेशिया दीपक बर्मा महमुद सुनिल केशरी प्रदीप मद्धेशिया केशव जायसवाल इत्यादि लोगों उपस्थित रहे।

## खजनी पुलिस ने व्यापारियों संग बैठक की

अमिटरेखा ब्यूरो खजनी गोरखपुर। खजनी थाना परिसर में खजनी पुलिस व व्यापारियों के बीच बैठक हुई,बैठक में इंस्पेक्टर अजय कुमार मौर्य ने कोरोना प्रोटोकॉल के पालन मे सहयोग की



अपील की। जहां व्यापारियों ने कस्बे में 5 सीसी कैमरे लगवाने की नसीहत दी मंगलवार को इंस्पेक्टर अजय कुमार मौर्या की अध्यक्षता में व्यापारियों की एक बैठक हुई। इंस्पेक्टर अजय कुमार मौर्या ने 2 गज की दूरी मास्क है जरूरी,व कोरोना प्रोटोकॉल पर विस्तृत चर्चा की,जो भी व्यक्ति कोरोना प्रोटोकॉल के उल्लंघन में पाया गया तो उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी इस मौके पर दीनानाथ मोदनवाल,श्याम जी मद्धेशिया,भाजपा नेता अनिल पांडेय,नवीन श्रीवास्तव, श्रवण गुप्ता, विष्णु मद्धेशिया, अजय गुप्ता अर्जुन जायसवाल, प्रिंस सिंह, अनूप दुबे, ओम प्रकाश वर्मा, राजेश मद्धेशिया, प्रियांशु गुप्ता, राजेश गुप्ता,आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम के निर्देश पर शुरू हुई ड्रेन की सफाई

अमित रेखा – अजय तिवारी

नेबुआ नौरंगिया – कुशीनगर।



जनपद के नेबुआ नौरंगिया सदर तहसील क्षेत्र की सिधरिया ड्रेन की सफाई नहीं होने से हर साल हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो जाती हैं। इससे जुड़ी खबर जागरण ने 19 मई के अंक में ड्रेन की नहीं हुई सफाई, बढ़ेगी परेशानी शीर्षक से प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान लेकर डीएम एस राजलिगम ने बाढ़ खंड को ड्रेन की सफाई कराने का निर्देश दिया था। सोमवार को पोकलेन से ड्रेन की सफाई शुरू हुई तो क्षेत्र के किसानों ने प्रसन्नता जताई। लगभग 15 किमी लंबी सिधरिया ड्रेन धर्मपुर, खजुरिया, नौरंगिया, पटेरा, विशुनपुरा, नरचोचवा समेत दर्जनों गांवों के सरेह से गुजरी हुई है। इसके माध्यम से खेतों से बारिश के पानी की निकासी होती थी। धीरे–धीरे ड्रेन की तलहटी में मिट्टी जमा हो जाने से खेतों से जलनिकासी बाधित हो गई। पिछले कई वर्ष से क्षेत्र के किसान ड्रेन की सफाई की मांग करते रहे, लेकिन सुधि नहीं ली जा रही थी। हर साल हजारों एकड़ धान, गन्ना की फसल बर्बाद हो जाती है। किसानों की इस परेशानी को जागरण से खबर के माध्यम से प्रकाशित किया था। शैलेश तिवारी, रणजीत, चौथी सैनी, शेषनाथ यादव, योगेंद्र सिंह, मारकंडेय गुप्ता आदि ने कहा कि ड्रेन की सफाई हो जाएगी तो फसलें बर्बाद नहीं होंगी। उन्होंने जागरण को साधुवाद दिया।

## गर्मी में पशु और पक्षियों के लिए भी करें पानी व दाने की व्यवस्था

### – मिलेगा दाना और पानी तो चहचहाती रहेगी चिड़िया रानी

अमित रेखा – राज पाठक

सपहा ,कसया – कुशीनगर। गर्मियों में तापमान बढ़ने के साथ ही चिड़ियों व पशुओं को पानी की समस्या बढ़ जाती है। पेड़ों की लगातार होती कमी और सूखते जल स्रोतों की वजह से पक्षियों को आश्रय और दाना–पानी की तलाश में भटकना पड़ता हैं। गर्मी में हर वर्ष लाखों चिड़िया पानी की कमी से मर जाती है। गर्मी में पानी एवं दाना के अभाव में चिड़ियों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। इसलिए भूखे–प्यासे पक्षियों की जान बचाने की जरूरत है। इसलिए हम शपथ लें इस बार गर्मी में



अपने छत एवं आंगन में बर्तन में दाना –पानी रखेंगे ताकि चिड़ियों की जान बच सके।लोगों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आस पास उड़ने वाले परिंदों की प्यास बुझाकर उनकी जिंदगी बचा सकता है। सुबह आंखें खुलने के साथ ही घरों के आस–पास गौरेया, मैना व अन्य पक्षियों की चहक सभी के मन को मोह लेती है। घरों के बाहर फुदकती गौरेया बच्चों सहित बड़ों को भी अपनी ओर आकर्षित करती है। गर्मियों में घरों के आसपास इनकी चहचहाहट बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि लोग पक्षियों से प्रेम करें और उनका विशेष ख्याल रखें।

'इस तरह बचा सकते हैं पक्षियों को'

– गर्मी के दिनों में अपने घर की छत पर एक बर्तन में पानी भर कर रखें।

– पक्षियों को खाने के लिए कुछ अनाज छतों व पार्को में रखें।

– कीटनाशक का प्रयोग कम करें।

– अपने वाहन को प्रदूषण मुक्त रखें।

– हरियाली बढ़ाएं।

– घोसलों के स्थान पर पात्र में कुछ खाद्य पदार्थ रखें।

## निचलौल तहसील उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार से औपचारिक मुलाकात

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन जिलाध्यक्ष व निचलौल तहसील व ब्लाक के समस्त पदाधिकारी



महराजगंज निचलौल तहसील के उपजिलाधिकारी से अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिलाध्यक्ष तबारक अली व निचलौल तहसील के समस्त पदाधिकारियो ने निचलौल तहसील के उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार को माला व गुलदस्ता देकर आदर सम्मान किया और सबसे अहम बात यह किया गया कि निचलौल तहसील से जो भी सदस्य अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन से जुड़े है । वह न्याय के लिए लड़ रहे है और पीड़ित को न्याय भी दिलवा रहे है । उपजिलाधिकारी ने कहा कि हमे बहुत खुशी हुई है कि जिस प्रकार हमको नौतनवां में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के पदाधिकारियों आदर सम्मान मिला था आज उसी तरह हमको निचलौल में भी आदर सम्मान मिला है । जिलाध्यक्ष तबारक अली ने अपने निचलौल तहसील व ब्लाक के सभी पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि आप सभी पदाधिकारी न्याय के लिये लड़ते रहिये अगर कहि अन्याय हो रहा है वहा पुलिस प्रशासन नही पहुंच पा रही है तो आप सब नजदीकी थाना पे फोन करके सूचना दे और किसी भी प्रकार का मामला आप सब के संज्ञान में आता है तो उस मामंले को लेकर अधिकारियों से बात करें और न्याय दिलवाने के कार्य करे स अनुराग द्विवेदी , मुकेश यादव,पवन यादव, अमन गुप्ता, शत्रुधन, अभिषेक सैनी,संतोष,राजकुमार व तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने की प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं नगर निकायों के निर्माण कार्यो की समीक्षा

**– जल निकासी की समुचित प्रबंधन के दिये निर्देश**

**– प्रधानमंत्री आवास योजना के नये आवेदनो का सत्यापन कार्य शीघ्रता से करें पूर्ण**

**– इसे जुडे कार्यो को 25 जून प्रत्येक दशा में पूर्ण किये जाने के डीएम ने दिये कडे निर्देश**

**– द्वतीय किस्त प्राप्त लाभार्थियों के छत का कार्य प्रत्येक दशा में 15 जून तक अवश्य ही कराये पूर्ण:डीएम**

राजू प्रसाद श्रीवास्तव ( प्रदेश प्रभारी)

अमिटरेखा ब्यूरो – देवरिया। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन



ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत द्वितीय किस्त प्राप्त सभी लाभार्थियों के निर्माणाधीन आवासो पर हर हाल में छत 15 जून तक अनिवार्य रुप से लगनी चाहिये तथा जिन लाभार्थियों को तृतीय किस्त प्राप्त हो चुकी है, उनके आवासो के सभी निर्माण कार्य पूर्ण होने चाहिये तथा जो नये आवेदन प्राप्त हुए है, उसका सत्यापन राजस्व विभाग के स्तर पर भी प्राथमिकता के आधार पर अवश्य ही सुनिश्चित कर लिया जाये, जिससे उनमें कोई विसंगति न रहे। जिलाधिकारी श्री निरंजन गूगल मीट के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना सहित नगर निकायों के निर्माण कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने सभी अधिशासी अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि जो भी निर्माण कार्य चल रहे है, उसमें गुणवत्ता व पारदर्शिता अनिवार्य रुप से रखी जाये तथा जो भी अधूरेध्अपूर्ण व रुके हुए कार्य है, उसे भी शीघ्रता के साथ कार्य प्रारम्भ कर पूर्ण किया जाये। उन्होने सभी नगर निकायों, नगर पालिकाओं को यह भी निर्देश दिया कि नगरीय क्षेत्रों में जल निकासी व जल जमाव की स्थिति कदापि न रहे, इसे सुनिश्चित करे। इसके जो भी निर्माण कार्य चल रहे है, उसे 25 जून तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिये जाये। जिलाधिकारी श्री निरंजन प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में परियोजना अधिकारी डूडा विनोद कुमार मिश्र को निर्देश देते हुए कहा कि जिन लाभार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त भेजे जाने हो, उसे प्राथमिकता के तौर पर भेजे, ताकि लाभार्थी अपने आवास का निर्माण बरसात के पूर्व ही कर सके। इसके साथ ही जो भी आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, उनका सत्यापन कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण कराते हुए पात्रो का डीपीआर तैयार कर उन्हे भी धनराशि मुहैया कराने का कार्य किया जाये जिससे कि जरुरतमंद अपने आवासो का निर्माण शुरु करा सके। आयोजित इस गूगल मीट अपर जिलाधिकारी प्रशासन नगरीय निकायों के एक एक कार्य बिन्दुओं का विस्तृत कार्य विवरण प्रस्तुत किया तथा प्रधानमंत्री आवास व नगरीय निकायों के निर्माण कार्यो को जिलाधिकारी के निर्देशों अनुरुप सभी अधिशासी अधिकारी कार्यो को गुणवत्ता, समयबद्धता व पारदर्शिता के साथ उसे पूर्ण करायें। गूगल मीट में अधिशासी अभियंता जल निगम प्रदीप चौरसिया, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका रोहित सिंह, पीओ डूडा विनोद कुमार मिश्र सहित सभी नगर निकायोंध्नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी गण एवं अन्य संबंधित अधिकारीध् कर्मचारी गण आदि जुडे रहे।

## तरया सुजान थाने में नवागत थानाध्यक्ष के कार्यभार ग्रहण करते ही बहने लगी परिवर्तन की लहर

**– सायंकाल 8 बजे से तस्करी के संद्धिध रास्तों पर हुई वाहनों की चेकिंग**

**– शराब सप्लायरमे मची हुई है खलबली**

अमिटरेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। मिली जानकारी अनुसार तरया सुजान के नवागत थाना अध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने देर शाम लगभग 6 बजे से पूरे थाने की थानाध्यक्ष ने उप निरीक्षक हेड कांस्टेबल कांस्टेबल पुलिस बल की एक बैठक की। जिसमें बदनामी से बचने के लिए जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए सभी मातहतों को सख्त हिदायत देते हुए ,अपने– अपने दायित्वों का पालन करने के लिए इमानदारी से निर्वाहन करने की सुझाव दिया तथा कहा कि किसी भी कीमत पर थाने हो या चौकी दलालों को न बैठाया जाए बातें सब की सुनी जाए उस पर तुरंत पुलिस कार्रवाई करें क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे तस्करी के मामले में किसी कीमत पर किसी की शिकायत मिलने पर क्षम्य नहीं होगा जैसा कि पुलिस अधीक्षक कुशीनगर का निर्देश है उसके अनुरूप तरया सुजान पुलिस को अपने मे बदलाव लाना होगा इसी क्रम में बैठक के उपरांत सभी पुलिस चौकी इंचार्ज सीमावर्ती बिहार के बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दिए जिससे तस्करों में खलबली मची हुई है। वही अभी खबर आ रही है कि शराब माफिया तस्करी कराने के लिए पुलिस मैनेजिंग का खेल के लिए परेशान हैं दैनिक शराब आपूर्ति की बिहार बॉर्डर पर कुछ लोगों ने जिम्मेदारियां ले ली थी वह साइकिल मोटरसाइकिल से पगडंडी रास्तों से बिहार पहुंचाने की फिराक में है।

## मुजाहि बाजार के समीप डाला में पीछे से ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर 2 की मौत, तीन घायल

अमित रेखा अमरजीत शर्मा

प्रतापगढ। बारात से लौट रही डाला में ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर दो की मौके पर ही मौत तीन की हालत गंभीर चल रहा इलाज। आपको बता दें कि पट्टी तहसील क्षेत्र के थाना कंधई गांव निवासी रमाकांत गौतम के घर से बारात सुल्तानपुर जिले के बभनपुर गांव गई थी जहां से देर रात लौट रही डाला गाड़ी में पीछे से ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही 2 लोगों की जहां मौत हो गई वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज चल रहा है। घटना में क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत पड़री मुस्तर्का गांव निवासी अनुराग पुत्र गौरव माली व सर्वजीतपुर गांव निवासी तुलसीराम पुत्र मुन्नीलाल उम्र 65 वर्ष की भी इस दुर्घटना में मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल मुकेश पुत्र मंगल, दीपू पुत्र रामपाल, राज पुत्र अमरनाथ निवासी ग्राम पड़री मुस्तर्का का इलाज चल रहा है।

## जनता का मुझे अगर सहयोग मिला तो विधान सभा क्षेत्र में विकाश की गंगा बहा दूँगा:अश्वनी सिंह

अमिटरेखा रजनीश पटेल

भाटपाररानी देवरिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बरइपार निवासी व विधानसभा प्रत्याशी अश्वनी सिंह ने एक प्रेसवार्ता में




कहा कि अगर विधानसभा क्षेत्र भाटपाररानी के सम्मानित जनता का आशीर्वाद व सहयोग मुझे मिला तो मैं अपने विधानसभा क्षेत्र में विकाश की गंगा बहा दूँगा । बता दें भाजपा के कद्दावर नेता व भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय समाजसेवी तथा विधानसभा प्रत्याशी अश्वनी सिंह अपने आवास पर एक प्रेस वार्ता में यह बताया कि समाज सेवा ही मेरा परम धर्म है मैं हमेशा गरीबों मजदूरों दलितों महिलाओं बुजुर्गों तथा सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोगों के सेवा में हमेशा तत्पर रहता हूं और आगे भी मैं उनकी सेवा में तत्पर रहूंगा अगर जनता ने मेरा सहयोग किया तो मैं अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दूंगा उक्त अवसर पर अश्वनी सिंह ने पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया प्रेस वार्ता में गांव के व क्षेत्र के अनेकों सम्मानित लोग उपस्थित थे।

## गोरखपुर निजी अस्पताल में 18 घंटा पडा रहा युवक का शव ग्रामीणों ने चंदा इकट्ठा कर लाया उसे घर

अमित रेखा – संतोष पाठक

कुचायकोट – गोपालगंज। गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के रामपुर खरेया टोला भुवला गांव निवासी घायल किसान ने इलाज के क्रम में गोरखपुर स्थित एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप था की अस्पताल का बिल नहीं भरे जाने से 18 घंटे तक अस्पताल ने मृतक के शव को अस्पताल में अपने कब्जे में रखा। ग्रामीणों द्वारा चंदा एकत्रित कर चालीस हजार रुपया अस्पताल का भुगतान किए जाने के बाद अस्पताल में परिजनों को सौंपा ।जिसके बाद परिजन शव लेकर कुचायकोट पहुंचे। कुचायकोट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिया कुचायकोट थाना क्षेत्र के रामपुर खरेया टोला भुवला गांव निवासी गणेश पासवान के पुत्र वीरेंद्र पासवान (उम्र करीब 35 वर्ष )अपने खेतों से काम कर जब वापस घर लौटे तो परिवार में किसी की तबीयत खराब थी ।जिसके बाद उन्होंने अपनी पत्नी संगीता देवी और एक बच्ची को दवा लाने के लिए भेज दिया ।मृतक की पत्नी संगीता देवी का कहना था की उन लोगों के बाजार जाने के बाद गांव का ही एक व्यक्ति बाइक ले कर उनके दरवाजे पर पहुंचा और वीरेंद्र पासवान को अपने साथ लेकर चला गया ।देर रात उक्त व्यक्ति ने ने ही वीरेंद्र पासवान के घर पहुंच कर बताया कि उसने पीट–पीटकर वीरेंद्र पासवान को अधमरा कर दिया है और अब उसे कोई बचा नहीं सकता। इस बीच सोनहुला गांव के पास गंभीर स्थिति में सड़क पर पड़े वीरेंद्र पासवान को कुछ लोग इलाज के लिए दुबे खरेया एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां से उन्हें सदर अस्पताल गोपालगंज पहुंचाया गया। परिजनों द्वारा सदर अस्पताल गोपालगंज पहुंचने पर वीरेंद्र पासवान की स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने उन्हें गोरखपुर रेफर कर दिया। गोरखपुर स्थित एक निजी चिकित्सालय में इलाज के दौरान वीरेंद्र पासवान ने दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी संगीता देवी का कहना था कि अस्पताल द्वारा वीरेंद्र पासवान की मौत के बाद भारी–भरकम राशि की मांग की गई। परिवार के पास पैसा उपलब्ध नहीं होने के बाद गांव के लोगों ने चंदा एकत्रित किया और उस राशि को अस्पताल भेजा ।जिसके बाद अस्पताल द्वारा मृतक के शव को परिजनों को सौंपा गया ।परिजन शव लेकर कुचायकोट थाना पहुंचे जहां से पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिया। पुलिस अपने स्तर से पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों से आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज होगा।

## निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष ग्रामीण स्तर के लाभार्थियों का आवेदन पत्र एक माह में पोर्टल पर आनलाईन कराना अनिवार्य:सीडीओ

**– इसके लिए सीडीओ ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को दिया है निर्देश**

दिनेश गुप्ता

अमिटरेखा देवरिया। अपर मुख्य सचिव– मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (P M E G P) के अन्तर्गत जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में कम से कम 50 ऋण आवेदन पत्र खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से एक माह में पोर्टल पर आनलाईन कराने का निर्देश दिया गया है।

यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जी एन ने देते हुए समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया है कि वे अपने विकास खण्ड के अन्तर्गत योजनाओं का प्रचार–प्रसार कराते हुये निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष ग्रामीण स्तर के लाभार्थियों का आवेदन पत्र आनलाईन पोर्टल (kviconline-gov in) पर निर्धारित प्रपत्र यथा उद्यमी का पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक योग्यता,प्रधान द्वारा अनापत्ति एवं जनसंख्या प्रमाण पत्र,आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (सामान्य को छोड़कर),निवास प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट (सी०ए० द्वारा अपलोड कराते हुये निर्धारित विवरण अनुसार स्कोर कार्ड पूर्ण कराना अनिवार्य होगा। इस योजना के तहत प्रवासी मजदूरों को भी ऋण आवेदन पत्र वरियता के आधार पर योजना के पोर्टल पर आनलाईन कराया जाए। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमियों को योजना का भरपूर लाभ प्राप्त हो सकें।

## जनपद हुआ अनलॉक, बाजार हुए गुलजार शाम 7 से सुबह 7 बजे तक रहेगी पाबंदी

अमिटरेखा सत्यप्रकाश यादव

ब्यूरो गोरखपुर। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ टीम नाइन के साथ बैठक कर प्रदेश के सभी जनपदों को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अनलॉक करने की घोषणा करने के बाद जिलाधिकारी के विजयेंद्र पांडियन ने आदेश जारी करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के दिए गए कोरोना प्रोटोकॉल के तहत कोरोना कर्फ्यू से मुक्त कर दिया गया है अब शाम 7 बजे से सुबह 7 बजे तक नाइट कर्फ्यू जारी रहेगा। अब जनपद में कोरोना के सक्रिय केस 600 से कम हो गए हैं। डीएम ने कहा कि वायरस कमजोर पड़ा है, समाप्त नहीं हुआ। थोड़ी सी लापरवाही बहुत भारी पड़ सकती है। कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। बिना मास्क के बाहर न निकलें और सामाजिक दूरी का पालन करें। सभी बाजार सुबह सात से शाम सात बजे तक खुलेंगे, सप्ताह में शनिवार और रविवार को बाजार बंद रहेंगे। कोरोना अभियान से जुड़े फ्रंटलाइन सरकारी विभागों में पूरी उपस्थिति रहेगी। शेष सरकारी दफ्तरों में 50 फीसदी कर्मी रहेंगे। उन सभी को रेटोशन से बुलाया जाएगा, –प्रत्येक निजी कंपनी में कोविड हेल्प डेस्क बनाई जाएगी ।औद्योगिक संस्थान खुले रहेंगे। इन संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी अपना पहचान पत्र या इकाई के प्रमाण पत्र के आधार पर आने और जाने की अनुमति रहेगी। प्रत्येक इकाई में कोविड हेल्प डेस्क बनेगी। सब्जी मंडी पूरी तरह खुलेंगी। घनी आबादी में स्थित सब्जी मंडी को खुले स्थान पर संचालित कराया जायेगा रेलवे स्टेशन एवं रोडवेज बस में दो गज की दूरी और मास्क है जरूरी की अनिवार्यता रहेगी। इसी के साथ स्क्रीनिंग और एंटीजन टेस्टिंग की जाएगी। कोरोना के मरीज पाए जाने पर अस्तपाल भेजा जाएगा। बैंक बीमा कंपनी भुगतान प्रणाली और अन्य दफ्तर खुले रहेंगे। एक्सप्रेसवे और हाईवे किनारे ढाबे खुलेंगे। –रेहड़ी पटरी ठेली खोमचे आदि खुलेंगे। ट्रांसपोर्ट कंपनी के कार्यलय लॉजिस्टिक कंपनी के दफ्तर वेयर हाउस खुलेंगे ।कंटेनमेंट जोन छोडकर शेष स्थानों में धार्मिक स्थलों के अंदर एक बार में एक स्थान पर पांच लोग ही जा सकेंगे। जनपद के अंदर बसों का संचालन किया जाएगा। यात्रियों के लिए मास्क लगाना जरूरी किया गया है। सभी यात्रियों की जांच कराई जाएगी ।ऑटो और ई–रिक्शा में तीन और चार पहिया वाहन में चार लोग बैठ सकेंगे। अंडे मांस और मछली की दुकाने पर्याप्त सफाई के साथ खुलेंगी। जनपद में गेहूं क्रय केंद्र और राशन की दुकानें खुलेंगी। उद्यान विभाग की नर्सरी खुलेंगी। राजस्व और चकबंदी कोर्ट कोविड–19 के प्रोटोकॉल के तहत खुलेंगे। सरकारी और निजी निर्माण कार्य कराए जाएंगे। स्कूल कॉलेज तथा शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। हालांकि माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग प्रशासनिक कार्य के लिए खुले रहेंगे रेस्टोरेंट बंद रहेंगे लेकिन होम डिलीवरी चालू रहेगी कोचिंग संस्थान सिनेमा हॉल जिम स्वीमिंग पूल क्लब और शॉपिंग मॉल बंद रहेंगे। दो पहिया वाहनों पर दो लोग सवारी कर सकते हैं वहीं चार पाहिया में चार ही लोग मास्क के साथ यात्रा करेंगे। तिपहिया वाहन में चालक सहित तीन लोग ही यात्रा कर सकते हैं वह भी मास्क सेनेटाइजर के साथ। अगर इनमें नियमों की अनदेखी करते पाए गए तो उन पर महामारी एक्ट में कार्रवाई की जाएगी। वहीं कोचिंग, सिनेमा हाल, जिम, स्विमिंग पुल, क्लब, शापिंग मॉल पूर्ण रुप से बंद रहेंगे। वहीं मांगलिक कार्यक्रमों में अधिकतम 25 लोगों की अनुमति है। शव यात्रा में 20 लोगों की ही उपस्थिति रहेगी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय

सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव

प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो०– 9792617070

विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी

प्रबंधक– निखिल कुशवाहा

ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।